# घटती घटना

सत्य के साथ...जनहित में बात...

अम्बिकापुर,वर्ष 22, अंक - 40- बुधवार 10- दिसम्बर 2025,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये ,www.ghatati-ghatana.com,RNI Reg.No.- CHHHIN/2004/15050,डाक पंजीयन. क्रं. 13/Surguja DN/ 2023-2025


### राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' पर चर्चा हुई

# 'वंदे मातरम्' का विरोध गांधी परिवार के खून में,नेहरू ने 1937 में 2 हिस्सों में बांटा,गीत न बंटता तो देश भी न बंटता : शाह

**नई दिल्ली,09 दिसम्बर 2025।** राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' पर मंगलवार को चर्चा हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- जो लोग वंदे मातरम् के महत्व को नहीं जानते वे इसे चुनाव से जोड़ रहे हैं। शाह के बयान को प्रियंका गांधी के बयान से जोड़ कर देखा जा रहा है। एक दिन पहले लोकसभा में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा था- वंदे मातरम् गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। आज इस पर बहस क्यों हो रही है? मैं बताती हूं- क्योंकि बंगाल का चुनाव आ रहा। मोदी जी उसमें अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। शाह ने संबोधन में कहा- जब वंदे मातरम 100 साल का हुआ, पूरे देश को बंदी बना दिया गया। जब 150 साल पर कल सदन (लोकसभा) में चर्चा शुरू हुई, गांधी परिवार के दोनों सदस्य (राहुल-प्रियंका) नदारद थे। वंदे मातरम् का विरोध नेहरू से लेकर आज तक कांग्रेस नेतृत्व के खून में है। दरअसल राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के मौके पर भारत सरकार की ओर से सालभर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 2 दिसंबर को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी दलों के प्रतिनिधियों की मीटिंग बुलाई थी। इसमें तय किया गया था कि वंदे मातरम को लेकर 8 दिसंबर को लोकसभा और 9 दिसंबर को राज्यसभा में चर्चा होगी।



#### शाह ने कहा- तिरंगा फहराते वक्त वंदे मातरम् का कहना भूलना नहीं

अमित शाह ने कहा...जिस गान को गांधी ने राष्ट्र की शुद्धतम आत्मा से जुड़ा गीत कहा, वो वंदे मातरम् का टुकड़ा करने का काम कांग्रेस ने किया। वंदे मातरम् ने आजादी के आंदोलन को गति दी। श्यामजी कृष्ण वर्मा, मैडम भीखाजी कामा और वीर सावरकर ने भारत का त्रिवर्ण ध्वज निर्मित किया था, उस पर भी स्वर्णिम अक्षर में एक ही नाम लिखा था...वंदे मातरम्। भारतीय जनता पार्टी का एक भी सदस्य वंदे मातरम् गान के समय सम्मान के साथ कड़ा न हो ऐसा हो ही नहीं सकता। कांग्रेस के जिस जिस सांसद ने वंदे मातरम् नहीं गाने पर बयान दिया। सदन से बाहर चले गए, मैं इसकी लिस्ट आज शाम तक सदन के पटल पर रख दूंगा।

#### शाह ने कहा- जब एक जवान प्राण त्यागता है...वंदे मातरम् बोलता

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा...'सही है कि वंदे मातरम् के रचनाकार बंकिम बाबू बंगाल में पैदा हुए,बंगाल में गीत की रचना हुई। आनंदमठ में समाहित हुआ, उसका बैकग्राउंड भी बंगाल था,लेकिन यह सिर्फ बंगाल तक या देश तक सीमित नहीं रहा। दुनिया भर में जहां तक आजादी के दीवाने थे, उन्होंने इसका गुणगान किया। जब सरहद पर एक जवान अपने प्राण त्यागता है,तो उसकी जुबान पर वंदे मातरम् होता है।'

#### प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सिर्फ नेहरू को क्यों निशाना बनाते हैं : खड़गे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा...नेहरू जी,महात्मा गांधी,मौलाना आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र, सरदार पटेल, गोविंद वल्लभ पंत सहित कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था जिसमें सिफारिश की गई थी कि राष्ट्रीय समारोहों में जहां भी वंदे मातरम गाया जाता है, केवल पहले दो स्टैंजा ही गाए जाने चाहिए। क्या कांग्रेस कार्यसमिति में नेहरू जी अकेले थे? आप उन सभी बड़े नेताओं का अपमान कर रहे हैं जिन्होंने सामूहिक फैसला लिया था। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री नेहरू जी को क्यों निशाना बनाते हैं?

#### पीएम मोदी रुपए गिरने पर मनमोहन से सवाल करते थे,अब क्या हुआ : खड़गे

खड़गे ने कहा...रुपये के गिरते स्तर पर मोदी ने 2012 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से कहा था कि देश जानना चाहता है कि ऐसा क्या कारण है कि सिर्फ भारत का रुपया डॉलर के मुकाबले गिरता ही चला गया, गिरता ही चला गया। ये सिर्फ आर्थिक कारणों से नहीं हुआ। ये आपकी भष्ट्र राजनीति के कारण हुआ। खड़गे ने आगे कहा- मैं पूछता हूं कि क्या आपके साथ भी ऐसा ही हुआ। क्या आप भी भ्रष्ट हैं। आपकी सरकार की हालत को उससे भी बदतर हो गई है। उसे समय 55-60 रुपए था। आज 100 रुपए हो गया। जैसे हिमालय से गिरने के बाद लोगों के शव के टुकड़े नहीं मिलते, वैसे ही आज भारतीय रुपए की स्थिति हो गई है।

#### राहुल ने कहा...बीजेपी लोकतंत्र को डैमेज कर रही

राहुल ने कहा...'सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। मैं बैठा था, एक तरफ पीएम मोदी और अमित शाह बैठे थे और दूसरी तरफ मैं। किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। दिसंबर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। यह 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले किया गया। सीसीटीवी और डेटा को लेकर नियम बदले गए। सत्ता के साथ चुनाव आयोग का तालमेल है। यह डेटा का सवाल नहीं, चुनाव का सवाल है। मेरे पास इसके सबूत हैं। बीजेपी लोकतंत्र को डैमेज करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है।'

#### स्पीकर ने राहुल से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए

राहुल गांधी ने कहा कि देश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति आरएसएस के हैं। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए, किसी संगठन का नाम मत लीजिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम सभी लोग नेता प्रतिपक्ष को सुनने के लिए ही बैठे हैं।

#### राहुल गांधी ने कहा- देश भी फेबरिक है जो 1.4 बिलियन लोगों से बना

लोकसभा में राहुल गांधी ने कहा, खादी भारत के लोगों के एक्सप्रेशन का हिस्सा है। आज मैंने खादी पहना है। बनारसी-कांजीवरम साड़ी, हिमाचली टोपी और भी दूसरे कपड़े। ये भारत के लोगों को दर्शाते हैं। ये उनके ट्रेडीशन को दर्शाते हैं। ये फेबरिक बहुत सुंदर हैं। लेकिन अब गहराई से देखते हैं तो पाते हैं कि हर एक फेबरिक में हजारों थ्रेड हैं। ऐसा नहीं है ये एक थ्रेड दूसरे से ज्यादा बड़ा है। ये सभी एक साथ हैं।

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में बिहार चुनाव में हुई ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री का हुआ अभिनंदन



**नई दिल्ली,09 दिसम्बर 2025।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संसदीय दल की बैठक में मंगलवार को बिहार चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के लिए दल के सभी सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया। सांसद उपेंद्र कुशवाहा, राजीव रंजन सहित कई सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी को माला पहना कर स्वागत किया। संसद पुस्तकालय भवन के जी.एम.सी. बालयोगी ऑडिटोरियम में आज आयोजित इस बैठक में प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें संबोधित किया। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को चुनावी सुधारों को लेकर चल रहे अभियान को लेकर बात की। इसके साथ उन्होंने आगामी चुनावों को लेकर भी सांसदों का मार्गदर्शन किया। सूत्रों के मुताबिक 11 दिसंबर को आगामी चुनावों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी एनडीए के सांसदों को रात्रि भोज पर चर्चा करेंगे। वही, आज वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर राज्य सभा में चर्चा होगी। इस चर्चा की शुरुवात गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा शुरू होगी, जिसकी शुरुआत विपक्ष के नेता राहुल गांधी करेंगे।

## 2036 तक 7 में से 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा

### केंद्र बोला- देश की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही,इससे आर्थिक निर्भरता जैसी चुनौतियां बढ़ेगी

**नई दिल्ली,09 दिसम्बर 2025।** भारत की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। 2011 में देश में 60 साल से ऊपर की आबादी 10.16 करोड़ थी, जो 2036 तक बढ़कर 22.74 करोड़ हो जाएगी। यानी बुजुर्गों की आबादी का हिस्सा कुल जनसंख्या में 8.4% से बढ़कर 14.9% हो जाएगा यानी हर 7 में 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा। वहीं, 2036 तक अनुमानित जनसंख्या 153 करोड़ होगी। ये जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में दी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है, उसके सामने स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक निर्भरता और डिजिटल सुविधाओं का उपयोग जैसी चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं। सरकार ने माना है कि देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से परिवारों का ढांचा और रिश्तों का तरीका भी बदल रहा है। पहले ज्यादातर लोग संयुक्त परिवार में रहते थे, जहां बुजुर्गों की देखभाल सब मिलकर करते थे। अब छोटे परिवार बढ़ रहे हैं, जिससे बुजुर्गों की देखभाल का तरीका भी बदल गया है और उनकी जिम्मेदारी कम लोगों पर आ गई है। नई रिपोर्टों में इसे 'विरोधाभास' कहा गया है, यानि बुजुर्गों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन समाज की सोच, जिम्मेदारी और उनकी देखभाल को लेकर उम्मीदें पहले जैसी नहीं रहीं। इसका सीधा असर बुजुर्गों की देखभाल और उनके सम्मान पर पड़ रहा है।



**गृह राज्य मंत्री बोले...नेशनल काउंसिल ऑफ सीनियर सिटीजन्स बनाई :** गृह राज्य मंत्री ने बताया कि बुजुर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 1 अप्रैल 2021 से अटल वयो अभ्युदय योजना लागू की है। इस योजना के तहत पूरे देश में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायता और सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार ने नेशनल काउंसिल ऑफ सीनियर सिटीजन्स भी बनाई है, जिसकी अध्यक्षता सामाजिक न्याय-अधिकारिता मंत्री करते हैं। इस परिषद में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल हैं, जो बुजुर्गों से जुड़े मुद्दों पर सलाह देते हैं।

#### देश में सबसे ज्यादा बुजुर्ग केरल में


देश में सबसे ज्यादा बुजुर्ग केरल में रहते हैं। यहां कुल आबादी के 16.5% लोग बुजुर्ग (60 साल से अधिक उम्र के 56 लाख लोग) हैं। इनमें भी 11% लोग 80 साल या इससे अधिक उम्र के हैं। 2031 तक ये 25% होंगे। कई गांवों में सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट (आईआईएमडी) की केरला माइग्रेशन सर्वे रिपोर्ट बताती है कि राज्य की 3.43 करोड़ आबादी में हर पांच में से एक घर का कम से कम एक सदस्य बाहर है। 12 लाख से ज्यादा घरों में ताले पड़े हैं, तो 21 लाख से ज्यादा में सिर्फ बुजुर्ग हैं।

## महाराष्ट्र के गुटखा तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए मकोका कानून में किया जाएगा बदलाव : फडणवीस



**नई दिल्ली,09 दिसम्बर 2025।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि सूबे में गुटखा तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका कानून) में बदलाव किया जाएगा। इससे राज्य में गुटखा, पान मसाला और चरस नशीले पदार्थ की खरीद फरोख्त पर लगाम लग सकेगी। मुख्यमंत्री फडणवीस मंगलवार को नागपुर में चल रहे विधानमंडल के शीतकालीन अधिवेशन में विधान सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कानून मौजूदा वर्जन के तहत इसे लागू करने के लिए धमकी या शारीरिक नुकसान की ज़रूरत होती है, एक ऐसा प्रोविजन् जो बैन प्रोडक्ट्स के आदतन वेंडर्स के खिलाफ इसका इस्तेमाल करना मुश्किल बनाता है। इसलिए राज्य सरकार ने केंद्रीय होम डिपार्टमेंट को इस कानून में बदलाव करने के लिए प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने कहा कि गुटखा और दूसरे तंबाकू से जुड़े प्रोडक्ट्स के लिए कई मामले दर्ज हुए हैं, लेकिन मौजूदा कानून के चलते इस गैर-कानूनी व्यापार को रोकने में दिक्कत आ रही है।

### मानवता जलवायु परिवर्तन,आतंकवाद जैसी चुनौतियों से घिरी,एकजुटता जरूरी :रामसुब्रमण्यन



**नई दिल्ली,09 दिसम्बर 2025।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एन एचआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यन ने कहा कि मानवता जलवायु परिवर्तन,पर्यावरणीय क्षरण, संघर्ष और आतंकवाद जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनसे निपटने के लिए सीमाओं और पीढ़ियों से परे एकजुटता आवश्यक है। न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस से एक दिन पहले देश के नाम अपने संदेश में कहा कि मानव अधिकार हमारे रोजमर्रा के जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं हैं, जो हमें स्वतंत्र रूप से बोलने, गरिमा के साथ जीने और बिना भय के सपने देखने की आजादी देता है।

## सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में 10प्रतिशत कटौती की

### स्लॉट दूसरी एयरलाइंस को मिलेंगे,10 बड़े एयरपोर्ट पर आईएएस भेजे,180 फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली,09 दिसम्बर 2025।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में लगातार 8 दिन से चल रहे संकट के बीच सरकार ने इंडिगो पर भी सख्त एक्शन लिया है। सोमवार को सिविल एविएशन मंत्रालय की हाई लेवल मीटिंग के दौरान एयरलाइन की 10% फ्लाइट्स में कटौती का निर्देश जारी किया गया। यह कटौती हाई-डिमांड,हाई-फ्रीक्वेंसी रूट पर फ्लाइट में गई है। इसका असर इंडिगो की रोजाना ऑपरेट होने वाली 2300 फ्लाइट्स पर पड़ेगा। यानी लगभग 115 फ्लाइट्स घट जाएंगी। इसके अलावा इंडिगो को बुधवार शाम 5 बजे तक डीजीसीए को एक बदला हुआ शेड्यूल जमा करने का भी निर्देश दिया गया है। इधर केंद्र ने मौजूदा हालात की जांच के लिए 10 बडे एयरपोर्ट पर सीनियर अफसरों को तैनात किया है। ये लोग पता लगाएंगे कि यात्रियों को कौन-कौन सी परेशानी आ रही है। ये अफसर डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के हैं। 10 बड़े एयरपोर्ट में मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, गोवा और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं। वहीं, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि इंडिगो फिर से पटरी पर आ गया है, और हमारा ऑपरेशन स्टेबल है।




लाखों कस्टमर्स को उनका पूरा रिफंड मिल गया है, और हम रोज़ाना ऐसा कर रहे हैं। हम अपने नेटवर्क में सभी 138 जगहों पर वापस आ गए हैं और सरकार के साथ कोऑपरेट कर रहे हैं। उधर, इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी है। सुबह10.30 बजे तक बेंगलुरु और हैदराबाद से 180+ फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं।

## सोनिया गांधी को दिल्ली कोर्ट का नोटिस

### 1980-81 की वोटर लिस्ट में गलत तरीके से नाम जुड़वाने का आरोप, 6 जनवरी तक जवाब मांगा

**नई दिल्ली,09 दिसम्बर 2025।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को नोटिस दिया है। यह नोटिस उस याचिका पर आया है, जिसमें दावा किया गया कि सोनिया गांधी का नाम 1980-81 की वोटर लिस्ट में गलत तरीके से जोड़ा गया था। इसके अलावा याचिका में मजिस्ट्रेट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को भी नोटिस जारी किया है और पूरे केस का रिकॉर्ड मंगाया है। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। इस दौरान सोनिया और राज्य सरकार को नोटिस का जवाब देना होगा। यह याचिका विकास त्रिपाठी ने दायर की है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने की। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि सोनिया का नाम नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की 1980 की वोटर लिस्ट में था, जबकि वे भारत की नागरिक अप्रैल 1983 में बनीं। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट के एडिशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने 11 सितंबर को याचिका को खारिज किया था।



### चीफ जस्टिस पर जूता उछालने वाले वकील की चप्पलों से पिटाई लगाते रहे सनातन का जयकारा,फिर भी नहीं रुका हमलावर

**नई दिल्ली, 09 दिसम्बर 2025।** सुप्रीम कोर्ट में तत्कालीन चीफ जस्टिस बी.आर. गवई पर जूता फेंकने की कोशिश कर सुर्खियों में आए वकील राकेश किशोर एक बार फिर विवादों में हैं। मंगलवार को कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में उन पर एक वकील ने चप्पल से हमला कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि हमला अचानक हुआ और हमलावर का चेहरा साफ नहीं दिख रहा। 71 वर्षीय राकेश किशोर ने बचाव में हाथ चलाने की कोशिश की और बार-बार पूछा कि उन पर हमला क्यों किया जा रहा है। इसके बाद वे जोर-जोर से 'सनातन धर्म की जय' के नारे लगाने लगे। मौके पर मौजूद वकीलों और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत किया। शाहदरा बार एसोसिएशन के महासचिव नरवीर डबास ने बताया कि यह मामला दो वकीलों के बीच कहासुनी का प्रतीत होता है। अब तक किसी भी पक्ष ने औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है।



## दिल्ली की हवा में मामूली सुधार...औसत एक्यूआई 282,कई इलाकों में धुंध से दृश्यता प्रभावित

**नई दिल्ली,09 दिसम्बर 2025।** राजधानी दिल्ली की हवा में पहले से कुछ सुधार हुआ है। हालांकि हवा अभी भी जहरीली बनी हुई है। मंगलवार की शाम चार बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक शहर के सभी 40 मॉनिटरिंग केंद्रों का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 282 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इंडिया गेट और कर्तव्य पथ जैसे इलाकों में हल्की धुंध छाई रही, जिसके कारण दृश्यता कम हो गई और लोगों को सुबह के समय आवाजाही में दिक्कत का सामना करना पड़ा। सीपीसीबी ने बताया कि दिल्ली के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा। आनंद विहार में औसत एक्यूआई 309 दर्ज किया गया, जहां पीएम 2.5 का अधिकतम स्तर 371 और पीएम 10 का अधिकतम स्तर 416 तक पहुंच गया। बवाना में औसत एक्यूआई 334 रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। यहां पीएम 2.5 का अधिकतम स्तर 442 और पीएम 10 का अधिकतम स्तर 404 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली से सटे एनसीआर क्षेत्रों की बात करें तो नोएडा की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित रही, जहां एक्यूआई 330 दर्ज किया गया। गाजियाबाद में एक्यूआई 309, ग्रेटर नोएडा में 302 और गुरुग्राम में 278 रहा। फरीदाबाद की हवा अन्य एनसीआर क्षेत्रों की तुलना में बेहतर रही और यहां एक्यूआई 203 दर्ज किया गया।



CMYK

## संपादकीय

# प्रतिस्पर्धी बाजार हो बेहतर...

## इंडिगो संकट ने किया एकाधिकार के खतरे को उजागर...

इंडिगो के कारण भारत के विमानन क्षेत्र में संकट आ गया है। इससे एकाधिकार का खतरा बढ़ा है। कंपनी ने नए नियमों के अनुसार स्टाफ की भर्ती नहीं की। सरकार ने जांच के लिए एक समिति बनाई है। इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 65त्न है। इंडिगो की वजह से भारत के विमानन क्षेत्र में पैदा हुए हालिया संकट ने फिर से एकाधिकार के खतरे को उजागर कर दिया है। इंडिगो का मामला लापरवाही, बाजार में अपनी मजबूत स्थिति का बेजा फायदा उठाने की कोशिश और जिम्मेदारियों से भागने का बड़ा उदाहरण है। संकट के दौरान भी, जब तक सरकार ने दखल नहीं दिया, कंपनी का रवैया ठीक नहीं रहा।

डीजीसीए के नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियम सभी एयरलाइंस पर लागू होने थे और इसके लिए सभी को पर्याप्त समय भी दिया गया था। लेकिन, इंडिगो ने नए नियमों के हिसाब से स्टाफ की भर्ती नहीं की, जिससे मौजूदा संकट इतना बड़ा हो गया। सरकार ने एक कमिटी बनाई है, जो इस बात की जांच करेगी कि कहीं इंडिगो ने जानबूझकर तैयारियों में देरी तो नहीं की, ताकि अथॉरिटीज पर प्रेशर बनाया जा सके।

यह आशंका इस वजह से उठती है, क्योंकि केबिन क्रू और पायलटों की कमी को एकाएक पूरा नहीं किया जा सकता। क्या एयरलाइंस इस बात का इंतजार कर रही थी कि क्राइसिस हो ताकि उसे नियमों में छूट मिल सके? भारतीय विमानन क्षेत्र में इस समय इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 65 प्रतिशत है। उसके बेड़े में 417 विमान हैं और सामान्य दिनों में हर दिन 2200 उड़ानें भरी जाती हैं। संकट खड़ा होने पर पहली प्रतिक्रिया भी हैरान-परेशान करने वाली रही। हजारों यात्री जहां-तहां फंस गए,रिफंड के लिए परेशान होते रहे,जबकि कंपनियां मनमाना किराया वसूलने लगीं। सरकार की तरफ से फिलहाल नए नियमों में थोड़ी रियायत दी गई है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके। फौरी तौर पर जनता को राहत देने के लिए यह भले सही हो, लेकिन नए एफडीटीएल नियमों से किसी सूरत में समझौता नहीं किया जाना चाहिए। ये नियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप और पायलटों की सेहत व उड़ान सुरक्षा के लिए जरूरी हैं।

सरकार ने इंडिगो से जवाब भी मांगा है, लेकिन यह समय नीतियों के मूल्यांकन का भी है। अगर कंपनी नए नियमों के लिए तैयारी नहीं कर रही थी, तो क्या अथॉरिटीज को इसकी खबर नहीं थी? क्या डीजीसीए के निगरानी सिस्टम में सुधार की जरूरत है? मौजूदा संकट याद दिलाता है कि किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार होना कितना खतरनाक हो सकता है, जबकि कंपनियों के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा हो तो ग्राहकों को वाजिब कीमत पर अच्छी सर्विस मिलती है। देश में हवाई क्षेत्र की तरक्की की रफ्तार बहुत अच्छी है। यह आगे बनी रहे और यात्रियों को भी अच्छी सेवा मिले, इसके लिए और क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इस पर भी केंद्र को गौर करना चाहिए।

# लोकसभा में अखिलेश का मोदी-योगी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप



**संजय सक्सेना,**
लखनऊ,उत्तरप्रदेश

समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता अखिलेश यादव ने आज 09 दिसंबर को लोकसभा में अपना भाषण देते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था का स्वरूप खो चुका है और सत्ताधारी दल के इशारों पर नाच रहा है। विशेष वोटर सूची संशोधन प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे विपक्षी दलों के समर्थकों के वोट कटने की साजिश रची जा रही है। अखिलेश ने स्पष्ट शब्दों में आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगियों ने जिन सीटों पर जीत हासिल की थी, उन क्षेत्रों में पांच हजार से अधिक वोट जानबूझकर डिलीट करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने चुनाव आयोग को चेतावनी दी कि यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है और जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

भाषण की शुरुआत में ही अखिलेश ने लोकसभा अध्यक्ष से अपील की कि सदन का माहौल शांत रखा जाए ताकि उनकी बात सुनी जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में स्वतंत्र वोटर सूची संशोधन के नाम पर सत्ताधारी दल विपक्ष को कमजोर करने का कुचक्र चला रहा है। बिहार के बाद उत्तर प्रदेश में यह प्रक्रिया तेज हो गई है और मुस्लिम, दलित, पिछड़े तथा अति पिछड़े वर्गों के इलाकों में मतदान केंद्र अधिकारी घर-घर जाकर वोटरों के नाम मिटाने का काम कर रहे हैं। अखिलेश ने उदाहरण देते हुए बताया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भी इसी तरह की चालाकी से समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की राह में रोड़ा अटकाया गया था। उन्होंने दावा किया कि अब 2027 के चुनाव से पहले यही सिलसिला दोहराया जा रहा है, जिससे डेढ़ से दो करोड़ वोट



प्रभावित हो सकते हैं। भाषण के दौरान अखिलेश ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार घुसपैठियों को पकड़ने के नाम पर डिटेंशन सेंटर बना रही है, लेकिन असल में यह अल्पसंख्यक समुदाय को डराने का हथकंडा है। अखिलेश ने तंज कसते हुए पूछा कि अगर घुसपैठिए इतने खतरनाक हैं तो इन्हें पकड़ने के बजाय क्यों निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाजवादी पार्टी घुसपैठ के खिलाफ है, लेकिन निर्दोषों को सताने का विरोध करेगी। योगी सरकार के डिटेंशन सेंटरों को अखिलेश ने अमानवीय बताया और कहा कि इससे प्रदेश की शांति भंग होगी। उन्होंने सदन के सदस्यों से अपील की कि इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाएं।

अखिलेश ने चुनाव आयोग की कमियों को गिनाते हुए कहा कि आयोग ने बिना किसी तैयारी के स्वतंत्र वोटर सूची संशोधन शुरू कर दिया। मतदान केंद्र अधिकारियों पर इतना दबाव बनाया गया कि गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कई ने आत्महत्या तक कर ली। उन्होंने आयोग से मांग की कि इस प्रक्रिया को स्थगित कर समय बढ़ाया जाए ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। भाषण में अखिलेश ने सत्ताधारी दल पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा भ्रष्टाचार की चरम सीमा पर पहुंच गई है। भाजपा भविष्य की बातें करती है, लेकिन वर्तमान में जनता की पीड़ा को नजरअंदाज कर रही है। अखिलेश ने चार सौ चौदह दिनों में उत्तर प्रदेश चुनाव होने की बात कही और दावा किया कि समाजवादी पार्टी इस साजिश का डटकर मुकाबला करेगी। उन्होंने विपक्षी दलों से एकता की अपील की और कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबको साथ आना होगा।

अखिलेश के भाषण के बीच में सत्ताधारी दल के सदस्यों ने हंगामा किया, लेकिन अखिलेश ने शांत स्वर में अपनी बात जारी रखी। उन्होंने कहा कि सच्चाई से सरकार डर रही है, इसलिए हंगामा कर रही है। अखिलेश ने बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का हवाला देते हुए कहा कि आरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जातीय जनगणना जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा कि अगर पहले साथ देते तो आज यह मांग न करनी पड़ती। भाषण में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया। अखिलेश ने सेना की बहादुरी की तारीफ की, लेकिन सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पुलवामा जैसी घटनाओं में खुफिया तंत्र की नाकामी की जिम्मेदारी कौन लेगा। सीजफायर का फैसला किस दबाव में हुआ,इसका जवाब सरकार दे। अखिलेश ने आर्थिक नीतियों पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ रही मार को रोकने के लिए गंभीर कदम उठाने होंगे। रक्षा बजट को सकल घरेलू उत्पाद का तीन प्रतिशत करना चाहिए और इसे गैर-लंचेपदह बनाना चाहिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की बात करते हुए कहा कि देश को अपनी रक्षा सामग्री खुद बनाने पर जोर देना होगा। भाषण के अंत में अखिलेश ने सुझाव दिए कि पाकिस्तान और आतंकवाद पर दस-पंद्रह वर्षीय रणनीति बनानी चाहिए। उन्होंने चीन सीमा विवाद का जिक्र किया और सरकार से इंफ्रास्ट्रक्चर पर स्पष्टता मांगी। अखिलेश का यह भाषण करीब पैंतालीस मिनट चला और सदन में जोरदार प्रतिक्रिया पैदा की। विपक्ष ने तालियां बजाईं तो सत्ताधारी दल ने विरोध जताया। गृह मंत्री अमित शाह ने भी जवाब में कई बातें कहीं। अखिलेश के भाषण ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है।

# वैज्ञानिकों ने नए प्लास्टिक विकसित किए जो सुरक्षित रूप से टूट जाते हैं...



**डॉ विजय गर्ग**
मलोट पंजाब



वैज्ञानिकों की एक टीम, विशेष रूप से रटगर्स विश्वविद्यालय में रसायनज्ञ युवेई गु के नेतृत्व में, नए प्लास्टिक विकसित करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है जो रोजमर्रा की स्थितियों में सुरक्षित और स्वाभाविक रूप से टूटने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। यह शोध सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों में से एक को संबोधित करता है- प्लास्टिक प्रदूषण की निरंतरता। प्रकृति के ब्लूप्रिंट से उधार लेना खोज का मूल यह देखने से उत्पन्न होता है कि कैसे प्राकृतिक पॉलिमर, जैसे डीएनए और सेल्यूलोज, सिंथेटिक प्लास्टिक के विपरीत समय के साथ अपेक्षाकृत आसानी से टूट जाते हैं, जिसमें सदियों लग सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रकृति पॉलिमर श्रृंखलाओं में छोटे सहायता समूह बनाती है जो उन्हें तोड़ना आसान बनाता है। इस सिद्धांत की नकल करके, रटगर्स टीम ने एक रासायनिक संरचना के साथ सिंथेटिक प्लास्टिक का इंजीनियरिंग किया है जो अपघटन करने के लिए प्रोग्राम किया गया है। मुख्य तंत्र वैज्ञानिकों ने प्लास्टिक की रासायनिक संरचना के भीतर सामग्रियों को रणनीतिक रूप से व्यवस्थित किया है ताकि वे ट्रिगर होने पर टूटने शुरू करने के लिए सही स्थिति में हों। उन्होंने अनिवार्य रूप से सामग्री को आसानी से फाड़ने के लिए पूर्व-फोल्ड किया। नियंत्रित टूटना महत्वपूर्ण रूप से, इन पड़ोसी समूहों की सटीक स्थानिक व्यवस्था नाटकीय रूप से गिरावट की दर को बदल देती है। यह एक ही प्लास्टिक को दिनों, महीनों या यहां तक कि वर्षों की अवधि में टूटने के लिए इंजीनियर किया जा सकता है, जो इच्छित उपयोग पर निर्भर करता है। बहुमुखी प्रतिभा और सुरक्षा कई जैविक रूप से अपघटनीय प्लास्टिक के विपरीत, जिन्हें विशिष्ट औद्योगिक खाद सुविधाओं या कठोर परिस्थितियों की आवश्यकता होती है, यह नया दृष्टिकोण सामान्य, रोजमर्रा के वातावरण में उच्च गर्मी या कठोर रसायनों की आवश्यकता के बिना प्लास्टिक को नष्ट करने की अनुमति देता है। ट्रिगर तंत्रः क्षरण को अंतर्निर्मित किया जा सकता है या बाहरी ट्रिगर्स जैसे कि पराबैंगनी (यूवी) प्रकाश या धातु आयनों का उपयोग करके चालू या बंद किया जा सकेगा, जिससे निर्माताओं और पुनर्चक्रणकर्ताओं के लिए नियंत्रण की एक और परत जुड़ जाएगी। उपोत्पादों की सुरक्षा- प्रारंभिक प्रयोगशाला परीक्षणों से पता चला है कि टूटने की प्रक्रिया द्वारा उत्पादित तरल विषाक्त नहीं है। हालांकि, अपघटन उत्पादों की गैर-विषाक्त प्रकृति की पूरी तरह से पुष्टि करने के लिए आगे अनुसंधान किया जा रहा है। बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का व्यापक संदर्भ यह विकास सामग्री विज्ञान में एक बढ़ती प्रवृत्ति का हिस्सा है जो वैश्विक संकट से निपटने के लिए अधिक टिकाऊ प्लास्टिक विकल्पों को विकसित करने पर केंद्रित है, जिसमें शामिल हैं एंजाइम-एम्बेडेड प्लास्टिक शोधकर्ताओं ने प्लास्टिक के भीतर पॉलिएस्टर खाने वाले एंजाइमों को एम्बेड किया है, जो फिर गर्मी और पानी द्वारा सामग्री को इसके बुनियादी बिल्डिंग ब्लॉकों में तोड़ने के लिए ट्रिगर होते हैं, जैसे लैक्टिक एसिड। महासागर-विघटनीय प्लास्टिक अन्य नवाचारों में टिकाऊ प्लास्टिक शामिल हैं जो समुद्री जल में बॉन्ड (जैसे क्रॉस-लिंक्ड नमक पुल) का उपयोग करके विघटित होते हैं जो आसानी से समुद्र की लवणता द्वारा टूट जाते हैं,जिससे समुद्री वातावरण में माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को रोका जा सकता है। जैव-आधारित सामग्री- पॉली हाइड्रॉक्सी कलकोनेट्स (पीएचए) और पॉलीलैक्टिक एसिड (पीएलए) जैसी सामग्रियों सहित स्टार्च, प्लांट प्रोटीन (जैसे मटर और सोया) या खाद्य अपशिष्ट शर्करा जैसे कच्चे माल से प्राप्त बायोबेस्ड और बायोडिग्रेडेबल पॉलिमर्स में भी महत्वपूर्ण बाजार वृद्धि देखी जाती है। इस शोध का अंतिम लक्ष्य ऐसी सामग्रियां बनाना है जो उपयोग के दौरान अच्छी तरह से प्रदर्शन करती हैं लेकिन फिर स्वाभाविक रूप से गायब हो जाती हैं, एक परिपत्र अर्थव्यवस्था के लिए सामग्री को पुनः डिजाइन करने के लिए एक व्यावहारिक, रसायन विज्ञान-आधारित समाधान प्रदान करता है।

# सरकार दायरा बनाती है भ्रष्टाचार उसे तोड़ देता है...



रवि सिंह
कोरिया,छत्तीसगढ़

- नियम जनता के लिए,दण्डहीनता सत्ता के लिए...
- यही है व्यवस्था का नया मॉडल
- 'मुक्ति' की योजनाएं अब जनता के लिए सिरदर्द,दलालों के लिए रोजगार!
- कमाने पर दायरा, लूटने पर आज़ादी सरकार की नियत पर जनता का सवाल
- वीआईपी राजनीति फूल-माला के नीचे छिपी जनता की चीखें
- जनता से कहा दायरे में रहो पर सत्ता खुद हर दायरे के बाहर!







मौजूदा हालात यही बयान कर रहे हैं कि कमाने का दायरा है पर भ्रष्टाचार करने का कोई दायरा नहीं, सरकार ने हर काम के लिए सीमा तय कर रखी है, योजनाओं का दायरा, पात्रता का दायरा, फंड का दायरा,सुविधा का दायरा लेकिन जब बात भ्रष्टाचार की आती है,तो यह दायरा अचानक अनंत हो जाता है, सरकार कहती है ÷नियत साफ है।÷ पर जनता पूछ रही है अगर नियत सच में साफ है तो फजीहत सिर्फ जनता की ही क्यों हो रही है? जनता से कहा जाता है नियमों के दायरे में रहिए कागज़ पूरा रखिए, समय पर टैक्स दीजिए, आपत्ति है तो आवेदन दीजिए, प्रतीक्षा कीजिए, पर भ्रष्ट तंत्र से कोई नहीं पूछता तुम्हारा दायरा कहाँ है? तुम्हारी सीमा क्या है? तुम्हारी जवाबदेही कब तय होगी? राजनीति दायरे से ऊपर, अफसरशाही दायरे से बाहर, और जनता दायरे में कैद! यह व्यवस्था अगर अन्याय नहीं तो और क्या है?

**मुक्ति की स्कीमें,जनता को राहत या नई मुसीबत?**

योजनाओं का नाम चाहे कितना आकर्षक हो, पर जनता में सवाल है क्या यह मुक्ति योजना है या 'मुक्ति दो और फिर लूट लो' योजना? योजनाएँ बनती हैं, घोषणा होती है, प्रचार होता है, पर अमल के नाम पर जनता फिर उसी चक्रव्यूह में फंस जाती है फॉर्म, फीस, कमीशन, दलाल, और अंतहीन चक्कर।

**राजनीति का कड़वा सच गद्दी पहले,जनता बाद में...**

आज राजनीतिक माहौल का कड़वा सच यही है सरकारी गद्दी पाने के लिए देश बर्बाद हो जाए तो हो जाए, जनता परेशान हो जाए तो हो जाए, पर गद्दी चाहिए,कुर्सी चाहिए, सुरक्षा चाहिए, भीड़ चाहिए,स्वागत चाहिए,नेताओं को चाहिए फूल, माला, मंच,स्वागत करती भीड़, और सोशल मीडिया पर तैरती उनकी 'वीआईपी छवि', पर कभी सोचा है इस वीआईपी सुविधा का सूत्रधार कौन है? किसके टैक्स पर, किसकी मेहनत पर,किसके जीवन की कीमत पर यह वीआईपी संस्कृति चल रही है? जनता–जो हर बार आखिरी में खड़ी रहती है, जिसकी समस्या पर फाइल सरकाई जाती है, और व्यापारी की परेशानी को 'अभी देखेंगे' कहकर डाल दिया जाता है कोने में।

**जनता पूछ रही है,दायरा किसका है? अधिकार किसका है?**

सरकार कहती है दायरे में रहकर काम करो पर जनता पूछ रही जब भ्रष्टाचार दायरे से बाहर जाकर फल-फूल सकता है,तो जनता को ही दायरे में क्यों बाँधा जाता है? सरकारी मशीनरी दायरा बनाती है, राजनीति दायरा तोड़ती है,और जनता–हर बार पिसती है।

**दायरे जनता के लिएज्और दण्डहीनता सत्ता के लिए!**

देश और प्रदेश में व्यवस्था का जो नया मॉडल गढ़ा गया है, उसमें एक सच्चाई सबसे ज्यादा चुभती है कमाने का दायरा तय है, खर्च का दायरा तय है, योजनाओं का दायरा तय हैज्पर भ्रष्टाचार करने वालों के लिए कोई दायरा नहीं है,सरकार के मंत्री मंचों से घोषणा करते हैं नियत साफ है पर जनता के सामने हर रोज उठता सवाल है यदि नियत इतनी ही साफ है तो व्यवस्था इतनी गंदी क्यों है? अगर सरकार ईमानदार है, तो जनता पर यह रोज़ की फजीहत क्यों थोपी जा रही है? मुक्ति की योजनाएं या जनता को जाल में फंसाने का नया औजार?- सरकार ने राहत के नाम पर 'मुक्ति' की स्कीमें दीं पर आज उन्हीं योजनाओं से जनता का सिर दर्द बढ़ गया है फॉर्म भरने में मुक्ति नहीं, चक्कर लगाने में मुक्ति नहीं, भ्रष्टाचारियों के चंगुल में मुक्ति बिल्कुल नहीं, योजनाएं कागज़ पर जनता की,और ज़मीन पर अफसरों और दलालों की कमाई का जरिया, सरकार का स्लोगन है ÷मुक्ति दोज÷ पर जनता का अनुभव है ÷मुक्ति दोज और फिर मौका मिलते ही जनता को लूट लो।

**वीआईपी राजनीति, फूलों की माला के नीचे छिपी जनता की चीखें**

आज राजनीति का चरित्र इतना खोखला हो चुका है कि कुर्सी बचाने के लिए देश बर्बाद करने में भी नेताओं को हिचक नहीं, फूल-माला, स्वागत, बैंड-बाजा यही राजनीति का असली एजेंडा बन गया है,नेताओं को चाहिए भीड़,फोटो,वीडियो,हैवी सुरक्षा, एयरकंडीशन लाउंज,और सोशल मीडिया पर चमकता वीआईपी दर्जा, पर कभी किसी नेता ने पूछा यह वीआईपी सुविधा किसके दम पर है? जनता की जेब पर है, जनता की मेहनत पर है, जनता की उम्मीदों पर है, जो जनता इस सुविधा की असली 'फंडिंग एजेंसी' है,वही आज सबसे असुरक्षित,असहाय और अपमानित है।

**जनता से बड़ा सरकार का कौन-सा डर है?**

सरकारें बदलती रहती हैं, पर सत्ता की भूख का मॉडल वही रहता है गद्दी बचाओ, बस जनता मत जागने दो, जनता पूछ रही है विकास का दायरा कहाँ है? ईमानदारी का दायरा कहाँ है? जवाबदेही का दायरा कहाँ है? और सबसे बड़ा सवाल क्या जनता केवल टैक्स देने और वोट डालने का साधन है?

## दायरा वहां खिंचेगा जहां जनता खड़ी होगी...

**जब तक जनता चुप है, तब तक दायरा जनता पर और सत्ता पर दण्डहीनता का साम्राज्य,पर जिस दिन जनता खड़ी हो गई,उस दिन सत्ता के सारे दायरे ढहेंगे, टूटेंगे और बदलेंगे,यह समय है कि जनता अपने हक की आवाज बुलंद करे, क्योंकि व्यवस्था वही सुधरती है जिसे जनता सुधारने पर अड़ जाती है।**

# उसने घर क्या खरीदा


**डॉ सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

मेरठ के छोटा बृज मोहल्ले में आजकल हलचल मची है। हर तपते दोपहर में पंडित चतुर्भुज शर्मा, जो अब रिटायर्ड हैं लेकिन दिनभर अँगोछा डालकर धर्म की दशा-स्थिति पर चिंतित रहते हैं,फरिश्ते की तरह खबरें बाँटते घूमते हैं...भाई,मुसलमान ने घर खरीद लियाज अब कुछ नहीं बचा सनातन में! जैसे किसी ने मंदिर की मूर्ति बेच दी हो। मोहल्ले की चाय की दुकान पर अब प्रधानमंत्री से ज़्यादा चर्चा उस मुसलमान ख़रीदार की होती है। लोग कहते हैं,साला मौलाना आया है, अब मस्जिद बना देगा! किसी ने तो यहाँ तक कहा...यह जिहाद की नई चाल है...'मकान जिहाद!' पंडितजी इतना दुखी हैं जैसे भगवान विष्णु ने व्हाट्सऐप ग्रुप छोड़ दिया हो।उधर मकान खरीदने वाले सज्जन,अलीम भाई, सरकारी अस्पताल में फार्मासिस्ट हैं। घर खरीदकर बोले...सोचा बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। लेकिन मोहल्ले की 'राष्ट्रीय सुरक्षा समिति' को इसमें साजिश दिख रही है। चौकीदार बृजलाल ने तो एक दिन कहा, ÷देखना, ये पहले दीवार उठाएगा, फिर ऊपर मिनार निकलेगी, फिर लाउडस्पीकर! बगल के शर्मा अंकल बोले...पूरे मोहल्ले में नमाज़ की हवा फैलेगी। अब मोहल्ले की हवा तो पहले ही ड्रेनेज से आती थी,पर इन धर्मरक्षकों को परेशानी धर्म से है। शाम को जब मोहल्ले की पंचायत बैठती है...चाय, मूँगफली और राष्ट्र-धर्म का पैकेज खुलता है। वहां पंडितजी कहते हैं, भाई, यह घर बचाना धर्म की रक्षा है। गुप्ता जी बोले,पर दुबई में मुसलमान बादशाह ने हिंदू मंदिर बनवाया पंडितजी खिसिया गए...वो तो राजनैतिक चाल है,हमें तो अपने घर के अंदर देखना चाहिए। तभी चौकीदार बोला,साहब,कल तो अलीम भाई हमारे मंदिर के दानपात्र में 100 रुपये डाल गए थे पंडितजी तमतमा गए...यही तो खतरनाक बात है, पहले पैसे डालेंगे, फिर भावना बदलेंगे! अब धर्म की भावना इतनी कमजोर कि सौ रुपये लेकर बदल जाए–तो फिर भगवान को Paytm अकाउंट खोल लेना चाहिए।



इस मोहल्ले में धर्म अब अख़बार की हेडलाइन है...हर सुबह खतरे में आने वाला धर्म शाम को आराम से नींद में चला जाता है। पंडितजी फेसबुक पर लिखते हैं...हिंदू समाज जागो, मुसलमान सोसायटी में घुस गया! और वहीं नीचे अलीम भाई उनकी पोस्ट को 'लाइक' कर देते हैं। यह दृश्य इतना सुंदर लगता है जैसे कोई आदमी खुद ही अपने डर का प्रचारक हो और खुद ही उसके दर्शक भी। ऐसी आत्मनिर्भर डर की व्यवस्था शायद विश्व में कहीं नहीं। और मोहल्ले के बाकी लोग, जिनके घर में सिलेंडर खाली है, बच्चे बेरोजगार हैं,राशन कम मिला...अब इनका असली मनोरंजन यही है कि कौन किसके घर में घुसा और कौन धर्म की बाउंड्री लांघ गया।एक दिन अलीम भाई ने सबको दावत दी...घर की दीवार रंगाई करवाई है, आइए हाउसवॉर्मिंग कर लीजिए। पंडितजी पहले तो बोले,नहीं जाएंगे,शुद्धिकरण कराना पड़ेगा। फिर सुना कि चिकन बिरयानी मिलेगी–तो बोले,देखो, इंसानियत भी कोई चीज़ होती है। पहुँचे तो बिरयानी के बाद बोले,बहुत बढ़ियाज इतना स्वाद तो हरि प्रसाद की पोती की शादी में भी नहीं था। अलीम भाई मुस्कराए–धर्म तो आज एक प्लेट में बैठकर खा लिया पंडितजी। पंडितजी खिलखिलाए...खाना छोड़िए, नमक किस कंपनी का है? पंडितजी को डर था कि कहीं नमक भी इस्लामिक न हो।

अगली सुबह पंडितजी ने फिर वही राग छेड़ दिया–अब मोहल्ले की हवा बदल गई है। अलीम भाई ने कहा,क्यों पंडितजी,अब बिरयानी की खुशबू आ रही होगी? पंडितजी हँसे भी, फिर धीरे बोले...असल में हमको अब आदत पड़ गई है डर की न डरें तो लगने लगता है कुछ काम अधूरा रह गया। सच कहा उन्होंने–यह देश अब डर के विस्तार में जी रहा है,जहाँ मुसलमान घर खरीदे तो सनातन हिल जाता है,पर मंदिर में माइक बजते रह जाएँ, रोटी और रोजगार बिना मिले रह जाएँ–तो धर्म सुरक्षित है। हमारा समाज अब बहस नहीं करता,बस भड़कता है,और जब सोचने की ज़रूरत होती है, तो चिल्लाना शुरू कर देता है। इस मोहल्ले की तरह,जहाँ एक मुसलमान ने घर नहीं, बल्कि सबकी नींद ख़रीद ली।




**सूचना**
समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
–सम्पादक

# अमेरा खदान में हुए ग्रामीणों और पुलिस के बीच संघर्ष के कारणों को जानने के लिए कांग्रेस की 10 सदस्यीय जांच दल गठित

## जांच दल ने ग्राम परसोढ़ी कला जाकर प्रभावित ग्रामीणों से की मुलाकात

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

3 दिसंबर को जमीन अधिग्रहण के दौरान अमेरा खदान में हुए ग्रामीणों और पुलिस के बीच संघर्ष के कारणों को जानने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमसाय सिंह के नेतृत्व में गठित 10 सदस्यीय जांच दल ने आज ग्राम परसोढ़ी कला जाकर प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री जरिता लैतफलांग भी दल के साथ मौजूद थी। ग्रामीणों से चर्चा में यह स्पष्ट हुआ कि 3 दिसंबर को अधिग्रहण के लिए एसईसीएल और प्रशासन की करवाई बिना किसी पूर्व सूचना के हुई थी। इस संघर्ष के उपरांत गिरफ्तार हुई 7 महिलाओं ने जानकारी दी कि अधिग्रहण के लिए अचानक पहुंचे पुलिस बल के पुरुषों ने खेतों में काम कर रही इन महिलाओं के साथ मारपीट कर उन्हें हटाने का प्रयास किया और गांव के देवस्थान को तोड़ा, फिर मौजूद ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया जिससे संघर्ष की शुरुआत हुई। जांच के दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह कहा कि





वे अपनी जमीने एसईसीएल को नहीं देंगे। मंत्री राजेश अग्रवाल के द्वारा मीडिया को दिये गए इस बयान को भी ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से खारिज किया कि जमीन हस्तांतरण को लेकर उनके और एसईसीएल के बीच सहमति बन गई है। बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि अमेरा के अनुभव को लेकर ग्रामीणों में एस ई सी एल के प्रति अविश्वास है। वायदे के बावजूद एस ई सी एल ने अमेरा में न तो नौकरी दी न ही उचित मुआवजा दिया न ही सी एस आर के मद में कोई कार्य किया। इस पर तंज कसते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने इसे चमचा रेट सेटिंग्स घोषित कर जमीन हड़पने का उपाय बताया।

**जेल जाने वाली महिलाओं का सम्मान :** संघर्ष की घटना के बाद जेल भेजी गई महिलाओं का कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव जरिता लैतफलांग ने हार पहना कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का स्पष्ट निर्देश है कि कांग्रेस को आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, किसान, महिला, युवा, पिछड़े, कमजोर वर्ग के हर संघर्ष में पूरी ताकत के साथ खड़े होना है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि सरकार इन वर्गों के जल जंगल जमीन को छीन उन्हें बेरोजगार बना रही है। जाँच दल में शामिल विधायक जनकलाल ध्रुव ने अपने हक के लिये संघर्ष करने वाली परसोढ़ी कला की महिलाओं को दुर्गा की संज्ञा दी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पर तंज करते हुए उन्हें मोदी और शाह का कठपुतली कह दिया। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी होने के बावजूद उनका प्रशासन आदिवासियों पर लाठी बरसा रहा है।

### शांतिपूर्ण आंदोलन के साथ न्यायालय का रुख भी करेगी कांग्रेस

कांग्रेस की जंचदल में प्रमुख पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने कहा कि ग्रामीणों के हर शांतिपूर्ण संघर्ष में कांग्रेस उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों को यह भी अवगत कराया कि उनके जमीन को बचाने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री इस पूरे मामले को न्यायालय में ले जाने के लिये वकीलों से विचार विमर्श कर रहे हैं। जंचदल में शामिल विधायक इन्द्रशाह मंडावी ने कहा कि टी एस बाबा जब तक आपके विधायक रहते आपको परेशानी नहीं हुई। ये सरकार आपलोग के लिए नहीं हैं, ये गरीबों की नहीं सुनती है। ये अडानी और अम्बानी की रिश्तेदार है। पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ है। इस दौरान जंचदल के सदस्य के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व महापौर डॉ अजय तिर्की, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, मुनेश्वर राजवाड़े, अनिमा केरकेट्टा भी मौजूद थे।

# 10 हजार रुपए लूटने के बाद फिरौती मांगने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।




झड़फूंक करने के बहाने ले जाकर 10 हजार रूपए लूटने और फोनकर फिरौती मांगने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार हीरा सिंह पिता शिव शिवबचन उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुड़गांव का रहने वाला है। इसकी पत्नी ठाकुर भाई की तबीयत खराब है। 7 दिसंबर को सुखसाय पांडा हीरा सिंह को झाड़ फूंक करने की बात कह कर लुचकी घाट ले गया, जहां सुख साय ने अपने साथियों के साथ मिलकर हीरा सिंह का 10 हजार रूपये लूट लिए और उसे जाने दिया। कुछ देर बाद सुख साय पांडा के साथियों ने सुख साय के मोबाइल से हिरा सिंह को फोन कर सुख साय को छोड़ने के लिए 50 हजार रूपये फिरौती की मांगी। हीरा सिंह 8 दिसंबर को मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी सुख साय गिरी पिता स्व. सोहन गिरी 40 वर्ष , शेरा गिरी पिता कामेश्वर गुरु उम्र 20 वर्ष, विनय गिरी पिता सलाम गिरी 28 वर्ष सभी निवासी थाना बतौली को हिरासत मैं लेकर पूछताछ की तो सभी ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया । मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 309(2),308(2),3,(5), 238,61 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

**साथियों के साथ मिलकर बनाई थी योजना :** आरोपी सुखसाय पांडा ने अपने साथी शेर गिरी, विनय गिरी के साथ मिलकर लुट एवं स्वयं के अपहरण का ढोंग करते हीरा सिंह से फिरौती की रकम मांगने की पूरी योजना पहले ही बना ली थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं 500 रुपए नगदी जब्त किया है।

# सूरजपुर जिले में गर्भवती महिला और उसके नवजात की मौत,लापरवाही का आरोप

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले में एक गर्भवती महिला और उसके नवजात की मौत हो गई,जिसके बाद जिला अस्पताल पर लापरवाही के आरोप लगने लगे हैं। घटना सोमवार रात की है, जब कविता सिंह (37) नामक महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई और उसे उपचार के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल लाया गया। लेकिन यहां डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण महिला को तत्काल अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना के मुताबिक,कविता सिंह अपने परिवार के साथ निजी वाहन से सूरजपुर जिला अस्पताल पहुंची, लेकिन अस्पताल में उस वक्त कोई डॉक्टर मौजूद नहीं थे। नर्सों ने महिला को स्लाइन चढ़ाने के बाद तत्काल अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजने की सलाह दी। एम्बुलेंस में यात्रा के दौरान ही महिला का प्रसव हुआ,और बच्चा मृत पैदा हुआ।



परिजन जैसे-तैसे महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने महिला को भी मृत घोषित कर दिया। कविता के पति, आदित्य सिंह ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर सूरजपुर जिला अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध होते और समय पर इलाज मिलता, तो उनकी पत्नी और बच्चे की जान बच सकती थी। उन्होंने बताया कि अगर महिला को सही समय पर प्रसव के लिए सहायता मिलती, तो शायद यह दर्दनाक घटना नहीं होती। आदित्य ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही की जांच की मांग की है। किसी तरह की लापरवाही नहीं,महिला थी गंभीर संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग डॉ अनिल शुक्ला ने बताया कि सूरजपुर जिले के सीएमएचओ और सिविल सार्जन ने इस मामले का संज्ञान लिया और जांच की। सीएमएचओ ने बताया कि महिला को अस्पताल में डॉक्टरी देखरेख के तहत बिना विलंब किए रेफर किया गया था। महिला की स्थिति गंभीर थी, और शरीर में सूजन भी थी, जिसके कारण उसे तत्काल रेफर किया गया था। जिसमें उन्होंने कहा कि इलाज में कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। हालांकि, परिजनों के आरोपों और लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों को उजागर किया है, और अब जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# सलका अधिना साप्ताहिक बाजार में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का कहर




-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

सलका अधिना के साप्ताहिक बाजार में सोमवार को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। भीड़भाड़ वाले इलाके में वाहन के घुसते ही लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हादसे में कई लोग बाल-बाल बच गए और किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं मिली है। घटना पूरी तरह बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें वाहन को तेज गति से गुजरते हुए साफ देखा जा सकता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि उस समय बाजार में भारी भीड़ थी, जिससे स्थिति और खतरनाक हो सकती थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

# सर्वे दल घर-घर पहुंचकर करेंगे लोगों की जांच



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पी.एस. मार्को के निर्देशानुसार जिला कुष्ठ अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में जिले में 08 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक सघन कुष्ठ खोज अभियान का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को कुष्ठ जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखा कर किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पी.एस. मार्को ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चयनित सर्वे दल द्वारा घर-घर जा कर सभी व्यक्तियों का कुष्ठ के लक्षणों के आधार पर जांच किया जाएगा। कुष्ठ के संभावित आने पर उस व्यक्ति का चिकित्सा अधिकारी के द्वारा सुनिश्चित कर उपचार प्रारंभ किया जाएगा। जिला कुष्ठ अधिकारी के द्वारा बताया गया है कि कुष्ठ कोई छुआ छुत की बीमारी नहीं है. यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने से उसके संपर्क में आने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से हो सकती है। कुष्ठ का ईलाज संभव है।

### लुंड्रा में भाजपा का युवा सम्मेलन सम्पन्न...आत्मनिर्भर भारत व SIR 2025 के संकल्प के साथ युवाओं में भरा नया उत्साह

# जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने युवाओं को कौशल,नवाचार और नेतृत्व के माध्यम से सरगुजा के विकास का अग्रदूत बनने का किया आह्वान

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी सरगुजा द्वारा आज लुंड्रा में आत्मनिर्भर भारत एवं एसआईआर 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय 'युवा सम्मेलन' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि- 'भारत आत्मनिर्भर देश बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा परिकल्पित आत्मनिर्भर भारत और एसआईआर 2025 की भावना आज के युवाओं में नए जोश और नए संकल्प को जन्म दे रही है। सरगुजा का युवा न केवल परिश्रमी है, बल्कि उद्यमिता, तकनीक, नवाचार और नेतृत्व क्षमता में अद्वितीय प्रतिभा रखता है। आज का यह युवा सम्मेलन इसी उर्जा का उत्सव है।' उन्होंने आगे कहा 'हमारा



लक्ष्य है कि सरगुजा का हर युवा कौशलयुक्त हो, रोजगार-सक्षम हो और अपने क्षेत्र की उन्नति में भागीदार बने। एसआईआर 2025 के तहत युवाओं को स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप प्रोत्साहन, आईटी प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकी शिक्षा और स्थानीय संसाधनों के उपयोग के लिए अनेक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भाजपा सरकार का संकल्प है कि ग्रामीण युवाओं को भी उतने ही संसाधन मिलें जितने महानगरों के युवाओं को उपलब्ध हैं। 'उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि 'भारतीय जनता पार्टी की सोच स्पष्ट है– युवा सशक्त होगा तो राष्ट्र सशक्त होगा। हमें गाँव-गाँव में ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो तकनीक, ज्ञान और मूल्य आधारित नेतृत्व के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।' अंत में उन्होंने सभी युवाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सम्मेलन सरगुजा के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि युवाओं को एसआईआर 2025 के माध्यम से डिजिटल स्किल, रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण तथा नवाचार आधारित योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। महामंत्री द्वय श्रीमती अरुणा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति और युवा बेटियों के सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ महिलाएँ हैं, और भाजपा उनके प्रत्येक सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद यादव ने युवाओं के सामुदायिक नेतृत्व, जनसेवा और संगठनात्मक विकास पर मार्गदर्शन दिया। सम्मेलन में भाजपा जिला मंत्री वैभव सिंहदेव ने कहा कि युवा ही राष्ट्र को नई दिशा देते हैं, इसलिए भाजपा संगठन युवाओं को अधिक अवसर और मंच उपलब्ध करा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास, रोजगार और कृषि-आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। जिला कोषाध्यक्ष निश्चल प्रताप सिंह ने युवाओं के सम्मिलित प्रयासों को आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बताते हुए वित्तीय सशक्तिकरण और स्टार्टअप योजनाओं की जानकारी साझा की। अन्य पदाधिकारियों में सतीश जायसवाल, संजय गुप्ता, संतोष जायसवाल, अभिषेक पावले एवं अन्य अतिथियों ने भी सम्मेलन में अपने विचार रखते हुए युवाओं को संगठन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। युवा सम्मेलन के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट हुआ कि भाजपा सरगुजा आत्मनिर्भर भारत और एसआईआर 2025 के संकल्प को धरातल पर उतारने हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम उत्साह, ऊर्जा और सकारात्मक संकल्प के साथ पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का संचालक मंडल महामंत्री अशोक गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन महेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में विजय व्यापारी, हीरा टेकाम,रवि महंत,रामविचार यादव, विक्रम सिंह,राजू कश्यप, विक्की गुप्ता, जयंत नाथ सिंह, दिलीप प्रजापति, अशोक गुप्ता, शिवचरण गिरी, महामंत्री दिलीप प्रजापति अशोक गुप्ता,रमेश जगते , ओमप्रकाश टेकाम,मंगल राम सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# जीएमसी अंबिकापुर में पहली बार हुई रीनल बायोप्सी,किडनी उपचार में बड़ी उपलब्धि

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में पहली बार रीनल बायोप्सी सफलतापूर्वक की गई। इस प्रक्रिया के शुरू होने से अब क्षेत्र के लोगों को किडनी संबंधी जटिल बीमारियों की जांच के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यह बायोप्सी हाल ही में संस्थान में पदस्थ हुए डॉ. ऋषभ गुप्ता, नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा की गई। विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति के बाद यह जीएमसी में नेफ्रोलॉजी सेवाओं की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यह प्रक्रिया अल्ट्रासाउंड गाइडेंस की सहायता से पूरी की गई और मरीज की स्थिति स्थिर है। रीनल बायोप्सी से ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस, नेफ्रोटिक सिंड्रोम, अज्ञात कारणों से किडनी फेल होने जैसी गंभीर स्थितियों के सटीक निदान में मदद मिलती है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा, जिन्हें पहले रायपुर, रांची या वाराणसी जैसे शहरों में महंगे सफर और देरी से गुजरना पड़ता था।

**'मेडिकल शिक्षा और उपचार को मिलेगी मजबूती' :** डॉ. ऋषभ गुप्ता ने जीएमसी में नेफ्रोलॉजी प्रक्रियाओं की सफल शुरुआत पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि लक्ष्य जिले में समग्र किडनी उपचार सेवाओं–जैसे डायलिसिस, नियमित रीनल क्लिनिक और रोगों की शीघ्र पहचान–को मजबूत करना है। जीएमसी के डॉक्टरों और प्रशिक्षु विद्यार्थियों ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और कहा कि इससे मेडिकल शिक्षा और उपचार दोनों को मजबूती मिलेगी। इस उपलब्धि के साथ, सीएमसी अंबिकापुर अब उत्तर छत्तीसगढ़ के लिए एक उन्नत तृतीयक उपचार केंद्र बनने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गया है।



# पेशी से घर लौटने के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

कोर्ट से पेशी से लौटने के बाद युवक ने घर में आकर अज्ञात कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान घर में परिजन नहीं थे। सभी एक दशकर्म कार्यक्रम में गए थे। जानकारी के अनुसार आकाश सिंह उम्र 24 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के सतीपारा का रहने वाला था। सोमवार को घर में कोई नहीं था। परिजन दशकर्म कार्यक्रम में रिश्तेदार के घर कए थे। वहीं आकाश का किसी मामले में कोर्ट में पेशी भी था। सोमवार की शाम करीब 5 बजे आकाश पेशी से घर लौटा और कमरे में फांसी लगा ली। इसी दौरान परिजन घर पहुंचे तो वह फंदे पर लटका देख उसे तत्काल उतारकर निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।



## क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण....

# कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ

-संवाददाता-
लखनपुर,09 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा मंगलवार को उनके विधानसभा क्षेत्र लखनपुर और उदयपुर में करोड़ों रुपए की लागत से तैयार विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया । मंत्री अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है और हर आवश्यक परियोजनाओ को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाएगा

### बिनकरा में सरस्वती शिशु मंदिर भवन का भूमि पूजन

मंगलवार को मंत्री ने सर्वप्रथम ग्राम पंचायत बिंनकरा में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। मंत्री अग्रवाल ने अपने निधि से 20 लाख रुपए की राशि भवन निर्माण हेतु प्रदान की। इस अवसर का विशेष आकर्षण रहा–गांव के ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पसिंदर राजवाड़े के पूरे परिवार द्वारा स्कूल के लिए लगभग 50 डिसमिल भूमि का दान, जिसकी सभी ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और स्वयं मंत्री ने प्रशंसा की।





ग्रामीणों ने इसे गांव एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐतिहासिक योगदान बताया।

**गुमगरा खुर्द में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण :** इसके बाद मंत्री जी ने गुमगरा खुर्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के पूरे स्टाफ को निर्देशित करते हुए कहा–ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, खासतौर पर रात्रिकालीन सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, स्टाफ अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान एवं सतर्क रहें।

**किसानों के लिए बड़ा आश्वासन: 'सरकार खरीदेगी एक-एक दाना' :** अपने उद्बोधन में मंत्री राजेश अग्रवाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है सरकार किसानों की उपज का एक-एक दाना खरीदेगी और उचित मूल्य प्रदान करेगी। किसी भी समिति में यदि किसी कर्मचारी द्वारा किसान से अवैध वसूली, परेशानी या अनुचित व्यवहार की शिकायत मिलती है तो उसके लिए टोल-फ्री नंबर शुरू कर दिया गया है। शिकायत मिलते ही संबंधित व्यक्ति पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर राजेंद्र जायसवाल, दिनेश साहू, राकेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, अखंड विधायक सिंह एवं प्रबोध सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

#### ग्राम पंचायत लाटोरी में पुलिया निर्माण का भूमि पूजन

आगे मंत्री जी ग्राम पंचायत लाटोरी पहुंचे,जहाँ 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया के निर्माण का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### उदयपुर क्षेत्र में 11.86 करोड़ रुपये के उच्च स्तरीय पुल का कार्य

उदयपुर विकासखंड के अंतर्गत चैनपुर–खमरिया मार्ग पर रेहंड नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य के लिए 11 करोड़ 86 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के दर्जनों गांवों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

#### जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेंद्र जायसवाल, दिनेश साहू, राकेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, अखंड विधायक सिंह एवं प्रबोध सिंह पसिंदर राजवाड़े, सुभाष राजवाड़े, राकेश राजवाड़े,जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े,जनपद सदस्य रजनी सिंह, महेश्वर राजवाड़े,सचिन अग्रवाल,मोहपाल राजवाड़े, सरपंच सुखसाय,सरपंच प्रीति सिंह,अवधेश यादव,कर्मेंद्र राजवाड़े,गौरी साहू,रामकुमार साहू,गुड्डू सिंह, देवेंद्र साहू,ओमप्रकाश साहू,चेतन राजवाड़े,सतनारायण साहू,सुरेंद्र साहू,सुदर्शन मानिकपुरी, संतोष जायसवाल,अनिल सिंह,मनीष बंसल, बालेश्वर यादव,शुभम भदोरिया,कल्पना भदोरिया, सरपंच आदितपाल सिंह (चैनपुर),नागेश्वरी कुंवर, बुद्धमोहन सिंह, अनिमा सिंह (सरपंच),त्रिलोचन सिंह,कमलेश जायसवाल, मुक्ति रोशन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सरगुजा औषधि विक्रेता संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

# अमित अग्रवाल बने अध्यक्ष, केमिस्ट कल्याण कोष की हुई स्थापना

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के केमिस्ट समुदाय के लिए मंगलवार का दिन कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर आया। 09 नवंबर को सम्पन्न हुए शांतिपूर्ण और पारदर्शी निर्वाचन के बाद सरगुजा औषधि विक्रेता संघ की नई कार्यकारिणी ने आधिकारिक रूप से जिम्मेदारी संभाल ली है। संघ की प्रथम कार्यकारिणी बैठक हुई, जिसमें संगठन के विस्तार से लेकर 'केमिस्ट कल्याण कोष' जैसी ऐतिहासिक पहल को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

#### शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न

स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया को चुनाव पर्यवेक्षक देवव्रत गौतम, अजय अग्रवाल तथा मुख्य चुनाव अधिकारी रमाशंकर कुशवाहा, राजेश अग्रवाल एवं नंदकिशोर राजवाड़े की देखरेख में पूर्णतः शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न किया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारी



में अध्यक्ष अमित (मिंटू) अग्रवाल, सचिव अजय पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव हैं। नई कार्यकारिणी में विधि एवं विशेष सलाहकार राधेश्याम अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदामा बंसल, शैलेन्द्र गुप्ता, संरक्षक रविंद्र प्रताप सिंह टुटेजा, सुभाष गोयल, विजय अग्रवाल, संजीव गोयल, नवीन गोयल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संतोष सिंह, सुमित अग्रवाल, सचिन केड़िया, नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, प्रवीण कुमार गुप्ता, सह-सचिव प्रदीप शर्मा, पी.आर.ओ. सूरज दुबे, संगठन सचिव वीरेंद्र सिंह, राकेश गुप्ता, लोकेश सोनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मुकेश गोयल (सीतापुर), उमेश कुमार गुप्ता (बरगीडीह), नवीन अग्रवाल (बतौली), प्रतीक गुप्ता (सीतापुर), इंद्र कुमार यादव (उदयपुर), विकास तिवारी (उदयपुर) बनाये गए हैं, जिससे संघ की कार्यात्मक क्षमता और मजबूत होगी।

**प्रथम कार्यकारिणी बैठक में लिए गए अहम निर्णय :** बैठक में सभी पदाधिकारियों का स्वागत, परिचय और प्रमाणपत्र वितरण के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

1. **केमिस्ट कल्याण कोष की स्थापना** - सर्वसम्मति से अनुमोदित,इस कोष को लेकर पूरे संघ में उत्साह।
2. **अवैध दवा बिक्री पर कार्रवाई** - किराना/जनरल स्टोर में दवा बिक्री रोकने हेतु रणनीति तैयार।
3. **बिना लाइसेंस दवा आपूर्ति पर रोक** - औषधि विभाग से कठोर कार्रवाई का आग्रह।
4. **सदस्यता प्रमाणपत्र वितरण** - सभी केमिस्ट सदस्यों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।
5. **पूर्व कार्यकारिणी के आय-व्यय की समीक्षा** - विस्तृत प्रस्तुतीकरण के साथ अनुमोदन।

**केमिस्ट कल्याण कोष की औपचारिक घोषणा :** यह कोष संघ के सदस्यों के हित एवं आपात स्थितियों में सहयोग के उद्देश्य से बनाया गया है। इसके गठन पर कार्यकारिणी और सदस्यों में स्पष्ट रूप से सकारात्मक ऊर्जा और एकजुटता देखने को मिली।

# बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में चक्काजाम बलरामपुर में आवागमन बाधित रहा...



-संवाददाता-
बलरामपुर,09 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

जिले के रामचंद्रपुर में आज अवैध निर्माण और कब्जों के खिलाफ प्रशासन की बुलडोजर कार्रवाई को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश उग्र रूप ले लिया। प्रशासन ने 9 में से केवल तीन घरों को हटाने की कार्रवाई की थी, लेकिन इसके विरोध में सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर आए और मुख्य सड़क पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके कारण रामचंद्रपुर-सनवाल-रामानुजगंज मार्ग पूरी तरह जाम हो गया है और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है।

प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया और ग्रामीण नेताओं के साथ बातचीत शुरू की। अधिकारियों ने कहा कि स्थिति को शांतिपूर्ण तरीके से संभालने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही सड़क को पुनः खोलने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बहरहाल इस प्रदर्शन के कारण रामचंद्रपुर-सनवाल-रामानुजगंज मार्ग पूरी तरह जाम हो गया,जिससे आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया है। हालाँकि, प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश शुरू कर दी है, लेकिन स्थायी समाधान तब ही संभव होगा जब ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए।

# सरगुजा पुलिस द्वारा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का किया जा रहा है आयोजन

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस मितान द्वारा छात्रों में साइबर जागरूकता, सामाजिक मुद्दों एवं सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है तथा सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों के छात्रों के लिए खुली है।

**प्रतियोगिता का उद्देश्य :** आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध, सोशल मीडिया जोखिम, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभाव तथा यातायात नियमों की जागरूकता जैसे विषय अत्यंत महत्वपूर्ण हो चुके हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को इन सभी मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करना है।

**योग्यता :** इस प्रतियोगिता में निम्न श्रेणी के छात्र भाग ले सकते हैं– कक्षा 6 वीं से कक्षा 12 वीं तक के छात्र, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र।

**पुरस्कार :** पुरस्कारों का वितरण विभिन्न आयु-समूह के आधार पर किया जाएगा, ताकि हर श्रेणी के छात्रों को समान अवसर मिल सके।

**विषय :** प्रतिभागी निम्न विषयों पर चित्र बना सकते हैं–

1. साइबर क्राइम एवं साइबर जागरूकता
2. महिला एवं बाल सुरक्षा
3. नशे के दुष्प्रभाव
4. ट्रैफ़िक नियम एवं जागरूकता

**प्रस्तुति प्रक्रिया :** प्रतिभागी अपने द्वारा तैयार




किये गए चित्र की स्पष्ट फोटो निम्न विवरणों के साथ ईमेल या व्हाट्सएप पर भेजें– नाम,आयु,कक्षा/योग्यता,पता,आखिरी तिथि,12 दिसंबर 2025 तक प्रविष्टियाँ स्वीकार की जाएँगी।

**विशेष सूचना :** चयनित चित्रों की एक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का स्थान और समय पंजीकृत प्रतिभागियों को समयनुसार सूचित किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को सरगुजा पुलिस की ओर से भागीदारी प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। किसी भी प्रकार की जानकारी, सहायता या प्रश्न हेतु दिए गए ईमेल या व्हाट्सऐप नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## कर्तव्यनिष्ठा और साहस के लिए महिला थाना प्रभारी सुनीता भारद्वाज सम्मानित

# कलेक्टर एवं एसएसपी ने की साहसिक कर्तव्यनिष्ठा की सराहना

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

अमेरा कोल परियोजना भूमि अधिग्रहण मामले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और ग्रामीण जनों को शांति एवं संयम बरतने की समझाइश देने में प्रशासन और पुलिस अमला लगातार सक्रिय रहा । उस दौरान ग्रामीणों के पथराव के बीच अदम्य साहस, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट परिचय देने वाली महिला थाना प्रभारी सुश्री सुनीता भारद्वाज को आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विलास भोसकर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने सम्मानित किया। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने सुश्री भारद्वाज की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में



दिशा-निर्देश भले ही उच्च स्तर से दिए जाते हों, लेकिन वास्तविक क्रियान्वयन मैदान में तैनात अधिकारी ही करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस धैर्य, साहस और कुशलता से महिला थाना प्रभारी ने संवेदनशील परिस्थिति को संभाला, वह प्रशंसा योग्य है। कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित करना गर्व की बात है और इससे अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलती है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि पुलिस का मूल दायित्व कानून व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस ट्रेनिंग के दौरान जवान धैर्य और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य के निर्वहन की शपथ दिलाई जाती है। सुश्री सुनीता भारद्वाज ने चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में जिस संयम,साहस और जिम्मेदारी का परिचय दिया, वह पुलिस विभाग के लिए गौरव की बात है। यह सम्मान उनके अदम्य साहस और कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है। सम्मान प्राप्त करते हुए सुश्री सुनीता भारद्वाज ने कहा कि जब कोई अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाता है तथा वरिष्ठों अधिकारियों द्वारा उसे सराहा और सम्मानित किया जाता है,तो सभी कठिनाइयां क्षणभर में छोटी प्रतीत होती हैं। उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान आगे भी दृढ़ता के साथ कर्तव्य पालन की प्रेरणा देगा।

# लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर युवाओं का किया उत्साहवर्धन

#### 14 विधाओं में आयोजित प्रतियोगिता में जिलेभर के 800 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन अम्बिकापुर के शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय अम्बिकापुर के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं की प्रतिभा को निखारने का एक माध्यम है। विभिन्न प्रकार की खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता युवाओं को आगे बढ़ने का मौका प्रदान कर रहे हैं, ऐसे आयोजनों में हिस्सा लेने मात्र से ही आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री रामकुमार सिंह ने युवा उत्सव के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। आयोजन में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री देवनारायण यादव, पार्षद श्री आलोक दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे।

**14 विधाओं में 800 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा :** प्रतियोगिता में लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड विधाओं को शामिल किया गया।जिसमें जिलेभर के 800 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया गया।

# करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।



शहर के घुटरापारा में हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से मजदूर की मौत हो गई। वह एक व्यक्ति के घर पुट्टी का काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार बहुरन राम पिता ईश्वर राम उम्र 27 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कंठी का रहने वाला था। वह मजदूरी का काम मरता था। 8 दिसंबर को पुट्टी का काम करने कोतवाली थाना क्षेत्र के घुटरापारा निवासी सूरज के घर गया था। वह काम कर रहा था। दूसरे तल पर वह पानी पी रहा था तभी घर से समीप से गुजरे 23 हजार केवीए का हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। करंट लगते ही वह गिर गया। उसे तत्काल बाइक में बैठाकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। यहां जांच के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सीएमएचओ ने जिले के समस्त चिकित्सालयों एवं पैथोलॉजी लैब के संचालकों को जारी किया पत्र

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

जिले में पैथोलेब में बिना पैथोलाजी डाक्टर या दूसरे जिले में निवास कर रहे डॉक्टर पैथोलाजिस्ट का स्कैंड सिग्नेचर कापी पेस्ट कर रिपोर्ट जारी करने सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी एस मार्को ने जिले में संचालित समस्त निजी नर्सिंग होम, हॉस्पिटल, मेटरनिटी होम, निजी पैथोलेब, डायग्नोस्टिक सेंटर, कलेक्शन सेंटर, क्लीनिक संचालकों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि संस्थान मे होने वाले समस्त लैब जांच पैथोलाजिस्ट की देख रेख में संपादित हों तथा पैथोलाजिस्ट के मूल हस्ताक्षर से ही रिपोर्ट जारी किये जाये। उन्होंने कहा है कि सूचना पश्चात भी डिजिटल हस्ताक्षर से रिपोर्ट जारी किये जाने पर छ.ग. राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार सबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 के अन्तर्गत कार्यवाही की अनुशंसा की जाएगी।

# सरस्वती बी एड कॉलेज अंबिकापुर के छात्रों ने सरगुजा पुलिस द्वारा लगाई गई नए कानून की प्रदर्शनी का अवलोकन किया

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार नए कानून की जानकारी के लिए स्थानीय कला केंद्र मैदान में प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमे आज दिनांक 09/12/2025 को सरस्वती बी एड कॉलेज के छात्र- छात्राओं को आमंत्रित करके पूरे प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री अमोलक सिंह ढिल्लो ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों की सुरक्षा, डिजिटल अपराध में आवश्यक



साक्ष्य, आम जनता के हितों की रक्षा के लिए भारतीय न्याय संहिता में दिए गए प्रावधानों की महत्ता समझाया गया तथा उप निरीक्षक अभय तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, साइबर अपराध, यातायात नियम एवं नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दिया गया। सरगुजा नव विहान की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए।

# वन विभाग की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस का महा आंदोलन



# हजारों की भीड़,पुलिस से झूमाझटकी, विपक्ष की ऐतिहासिक दहाड़

## वन विभाग की कथित अनियमितताओं के खिलाफ एमसीबी की सड़कों पर विपक्ष का अब तक का सबसे बड़ा शक्ति-प्रदर्शन

### बुलडोजर कार्रवाई,जंगल तस्करी और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस की दहाड़,पुलिस-कार्यकर्ता झूमाझटकी के बावजूद रुकने को तैयार नहीं आंदोलन

### भारी भीड़,उग्र नारे और विपक्ष की गरज, डीएफओ ऑफिस घेराव ने प्रशासन और सत्ता दोनों को दिया कड़ा संदेश

### एमसीबी में सत्ता परिवर्तन के बाद विपक्ष का सबसे बड़ा प्रदर्शन,नेतृत्व में श्रीवास्तव,कमरो और मिश्रा की तिकड़ी,भीड़ भी उमड़ी,घेराव भी हुआ, और मंच से गूंजा विपक्ष का गर्जन

#### युवाओं की आवाज़ शहर में भालू घूम रहा,विभाग सो रहा...

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि वन्यजीव खुले में घूम रहे, लोगों की जान जोखिम में है लेकिन विभाग पूरी तरह 'असंवेदनशील और निष्क्रिय' है।

#### कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा का वायरल बयान...डीएफओ साहब, आपका डर ही आपकी कहानी बता रहा है...

घेराव से एक दिन पहले डीएफओ निवास की बैरिकेडिंग, बांस-दीवार और सुरक्षा घेरा देखकर सौरव मिश्रा ने तंज कसा ÷जितनी मेहनत डीएफओ को बचाने में की गई, इतनी मेहनत अगर बैगा परिवारों के घर न गिराने में करते तो आज हालात अलग होते, सौरव मिश्रा ने साफ कहा डीएफओ हटे बिना आंदोलन रुकेगा नहीं कलेक्टर कार्यालय घेराव तय है।

#### जिला महामंत्री केसरवानी का हमला ट्री गार्ड,फॉसिल पार्क और योजनाओं में करोड़ों की लूट

उन्होंने कहा कि जिले के योजनाओं में व्यापक वित्तीय अनियमितता हो रही है, यह जंगल तस्करों और भ्रष्ट अधिकारियों की खुली साझेदारी है।

#### कांग्रेस का अल्टीमेटम...अगर वन विभाग नहीं सुधरा, अगली बार पूरा जिला कलेक्टर ऑफिस घेर देगा

कांग्रेस ने मांगें रखीं बैगा परिवारों पर कार्रवाई करने वाले कर्मचारियों पर एफआईआर, अवैध कटाई-तस्करी पर तत्काल रोक, डीएफओ को तुरंत हटाया जाए, भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच अन्यथा कांग्रेस 'चरणबद्ध और निर्णायक आंदोलन' करेगी।

-राजन पाण्डेय-

मनेंद्रगढ़,09 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)। एमसीबी जिले में आज 9 दिसंबर का दिन वन विभाग की मनमानी, बैगा परिवारों पर बुलडोजर कार्रवाई,जंगल कटाई और तस्करी के खिलाफ कांग्रेस के विशाल जन-आंदोलन के नाम दर्ज हो गया। जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर खान नर्सिंग होम मैदान से उठी रैली जब सड़कों पर उतरी तो पूरा मनेंद्रगढ़ कांग्रेस के जनसैलाब से थम गया, डीएफओ कार्यालय का घेराव होते-होते भीड़ का स्वरूप इतना विशाल हो गया कि पुलिस बल को बैरिकेडिंग बढ़ानी पड़ी, नारेबाजी, झूमाझटकी और तगड़ी नोकझोंक के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता पीछे नहीं हटे। भीड़ में एक ही आवाज़ अनियमित वन विभाग हटाओ,बैगा परिवारों पर अत्याचार बंद करो!



#### यह सिर्फ आंदोलन नहीं, सत्ता को चेतावनी है...

वन विभाग की मनमानी, आदिवासी परिवारों पर बुलडोजर, जंगल तस्करी और प्रशासनिक तानाशाही आज का आंदोलन इन सबका विस्फोटक प्रतिरोध था, यह स्पष्ट संकेत है कि एमसीबी की जनता अब सवाल पूछ रही है, और विपक्ष पहली बार इतने ताकतवर रूप में सड़कों पर उतरा है।

**एमसीबी जिले की राजनीति अब दो ध्रुवों में बदलती दिख रही है...**

**संघर्ष करने वाले नेता**

**दूर से सिर्फ टिकट का इंतज़ार करने वाले नेता**

**आज के आंदोलन ने यह भी साफ कर दिया कि 2028 की दावेदारी संघर्ष से तय होगी,सिफारिश से नहीं...**





#### विपक्ष का पहला सबसे बड़ा शक्ति-प्रदर्शन, और Ticket Politics की सच्चाई

एमसीबी जिले में सत्ता परिवर्तन के बाद आज का कांग्रेस का प्रदर्शन अब तक का सबसे बड़ा विपक्षी आंदोलन साबित हुआ, पहली बार विपक्ष ने इतने बड़े स्तर पर जनता,कार्यकर्ताओं और नेतृत्व तीनों की सामूहिक ताकत को एकजुट कर सड़कों पर उतारा, इस आंदोलन की सबसे बड़ी पहचान यह रही कि यथावत जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव,भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो और युवा नेता व तेजस्वी वक्ता सौरभ मिश्रा इन तीन नेताओं ने मोर्चा संभाला, भीड़ जुटाई, नेतृत्व किया और विपक्ष की दहाड़ मंच से सुनाई दी, इतना बड़ा जनसैलाब और इतना तीखा विरोध–यह साफ संकेत है कि एमसीबी में कांग्रेस ने सत्ता परिवर्तन के बाद अपनी वापसी की मजबूत शुरुआत कर दी है, पर सवाल बड़ा टिकट की रेस में सबसे आगे रहने वाले पूर्व विधायक कहां थे? एमसीबी की टिकट दौड़ में सबसे आगे माने जाने वाले मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक,आज पूरे जिले के इस ऐतिहासिक आंदोलन से पूरी तरह नदारत दिखाई दिए।

#### अब राजनीति का सबसे बड़ा सवाल...टिकट की रेस में आगे रहने वाले पूर्व विधायक डॉ विनय जयसवाल आंदोलन से गायब क्यों?

आज जहां हजारों की भीड़ थी,पूरा विपक्ष एकजुट था,मंच से दहाड़ लग रही थी, पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई,और कांग्रेस अपनी ताकत दिखा रही थी। वहीं मनेंद्रगढ़ के वह पूर्व विधायक,जो टिकट की दौड़ में सबसे आगे माने जाते हैं, आंदोलन में पूरी तरह नदारद रहे,जिले में अब चर्चा यही टिकट चाहिए लेकिन संघर्ष नहीं? क्या जिले की सबसे बड़ी लड़ाई में अनुपस्थित रहकर भी वे टिकट की लाइन में सबसे आगे रहेंगे? क्या पार्टी उनसे सवाल पूछेगी या फिर बैक डोर से एंट्री का खेल फिर शुरू होगा? कांग्रेस कार्यकर्ताओं की स्पष्ट राय जो सड़कों पर संघर्ष करेगा वही टिकट का असली दावेदार होगा।

#### वन विभाग की मनमानी अब राजनीति नहीं,जनरोष का मुद्दा

एमसीबी जिले में जिस तरह बैगा परिवारों के घर तोड़े गए,जंगलों की कटाई खुलकर हुई और विभाग ने अपनी जवाबदेही से दूरी बना ली–यह प्रशासनिक संवेदनहीनता का सबसे बड़ा उदाहरण है। जब जनता का धैर्य टूटता है, तो सड़कें आवाज़ बन जाती हैं, आज कांग्रेस का जनसैलाब जनता के उस दर्द का आईना था जिसे वर्षों से अनदेखा किया गया,यह आंदोलन सिर्फ सरकार को नहीं,पूरे तंत्र को चेतावनी देता है कि अब अन्याय,भ्रष्टाचार और आदिवासी समुदाय पर अत्याचार वैध शासन नहीं माना जाएगा,जंगल सिर्फ लकड़ी नहीं जनजातियों की जीवन-रेखा और उनकी अस्मिता हैं,इन्हें बचाने की लड़ाई अब प्रशासन के खिलाफ एक जन-क्रांति बनती जा रही है।

#### जब शासन चुप हो जाए,तब सड़कें बोलती हैं...

एमसीबी जिले में वर्षों से जंगल कटाई,वन तस्करी और विभागीय भ्रष्टाचार की शिकायतें जनता लगातार उठाती रही, लेकिन इस बार मामला सिर्फ भ्रष्टाचार तक सीमित नहीं यह आदिवासी जीवन और अस्तित्व पर सीधा हमला है, जब बैगा परिवारों के घर गिराए जाते हैं, तो यह सिर्फ अतिक्रमण की कार्रवाई नहीं होती,यह प्रशासन द्वारा कमजोरों पर शक्ति-प्रदर्शन का निर्मम चेहरा होता है,कांग्रेस का आज का आंदोलन उसी दर्द का विस्फोट था, कार्यकर्ताओं के बीच एक बात स्पष्ट दिखी जनता अब वन विभाग की मनमानी और सत्ता के संरक्षण से उपजे अत्याचार को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है,आज का प्रदर्शन सिर्फ विरोध नहीं,एक नई राजनीति की शुरुआत है जहां मुद्दे भावनाओं और जन अधिकार की लड़ाई बन चुके हैं।

#### आंदोलन की राजनीति में कौन चमका,कौन गायब रहा?

एमसीबी जिले में सत्ता परिवर्तन के बाद यह पहला अवसर था जब विपक्ष ने अपनी वास्तविक ताकत का प्रदर्शन किया, नेतृत्व में तीन चेहरे सबसे प्रमुख रूप से उभरे जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव संगठन क्षमता और भीड़ प्रबंधन,पूर्व विधायक गुलाब कमरो सबसे तीखा हमला,सबसे बड़ी भीड़,सबसे ऊंची आवाज़,सौरव मिश्रा युवा तेजस्विता,वोकल पोज़िशन, सोशल मीडिया प्रभाव इन तीनों के नेतृत्व ने कांग्रेस के अंदर एक स्पष्ट संदेश दिया लड़ाई वही लड़ेगा जो जनता के साथ खड़ा रहेगा,लेकिन इस आंदोलन का सबसे बड़ा राजनीतिक सवाल टिकट की दौड़ में सबसे आगे रहने वाले पूर्व विधायक नदारद क्यों?

#### जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव का सख्त संदेश बैगा परिवारों के घर गिराना अमानवीय,यह अत्याचार नहीं चलेगा

जिलाध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा बैगा जनजाति के गरीब परिवारों पर बुलडोजर चलवाना सिर्फ अवैध नहीं,अमानवीय अपराध है, उन्होंने भाजपा नेताओं और मंत्री पर भ्रष्ट डीएफओ को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया और कहा कि जनता अब जंगल और जनजाति पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगी।

#### पूर्व विधायक गुलाब कमरो मंच पर गरजे यह तो सिर्फ शुरुआत है...अगला घेराव कलेक्टर कार्यालय का होगा

भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने आज सबसे तीखे हमले बोले, भीड़ देखते ही उन्होंने कहा मनेंद्रगढ़,चैनपुर सहित कई क्षेत्रों में गरीबों के घर अतिक्रमण के नाम पर गिराए जा रहे,जिले में जंगल कटाई और तस्करी माफिया नेताओं के संरक्षण में फल-फूल रही है,डीएफओ आंखें बंद कर बैठे हैंज यह मिलीभगत है,कर्तव्य नहीं,कमरो ने मंच से जनता से पूछा क्या अगला घेराव कलेक्टर कार्यालय का होना चाहिए? हजारों हाथ हवा में उठे जवाब स्पष्ट था हाँ! आज के आंदोलन में सबसे अधिक और सबसे संगठित भीड़ कमरो के क्षेत्र भरतपुर-सोनहत से आई यह एक बड़ा राजनीतिक संकेत माना जा रहा है।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत पहुंचे अस्पताल,विधायक भैयालाल के स्वास्थ्य का लिया हाल

**रायपुर अस्पताल में भर्ती विधायक राजवाड़े से मिले डॉ. महंत,शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना**

**भैयालाल राजवाड़े अस्वस्थ: पक्ष-विपक्ष के नेता लगातार पहुंच रहे अस्पताल,डॉ. महंत ने कहा जल्द स्वस्थ हों**

**रायपुर के निजी अस्पताल में जारी है बैकुंठपुर विधायक का उपचार,एक महीने से डॉक्टरों की निगरानी में**

**स्वास्थ्य मंत्री से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक कई वरिष्ठ नेता कर चुके मुलाकात, क्षेत्रवासियों में चिंता**

**फेसबुक पर डॉ. महंत ने लिखी भावनात्मक पोस्ट 'ईश्वर से प्रार्थना,जल्द स्वस्थ होकर सेवा में लौटें'**





-संवाददाता-

रायपुर/कोरिया,09 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-03 बैकुंठपुर के लोकप्रिय भाजपा विधायक भैयालाल लाल राजवाड़े पिछले एक माह से अस्वस्थ चल रहे हैं और रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। स्वास्थ्य में आई गिरावट के बाद उन्हें विशेषज्ञ निगरानी में रखा गया है,जहां उनका उपचार जारी है, विधायक के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलते ही पक्ष-विपक्ष के सभी राजनेता, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी लगातार अस्पताल पहुंचकर कुशलक्षेम पूछ रहे हैं,अब तक स्वास्थ्य मंत्री,महिला एवं बाल विकास मंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेता उनसे मुलाकात कर चुके हैं।

#### नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने की मुलाकात

बैकुंठपुर विधायक की तबीयत जानने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने करीब समय बिताकर राजवाड़े का हाल-चाल लिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामनाएँ दीं, डॉ. महंत ने फेसबुक पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा आज रायपुर के एक निजी अस्पताल में पूर्व मंत्री एवं बैकुंठपुर विधायक श्री भैयालाल रजवाड़े जी से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। श्री रजवाड़े जी के अस्वस्थ होने की जानकारी पर उनकी सेहत जानने पहुँचा। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे जल्द स्वस्थ हों और पूर्व की भांति जनसेवा में पुनः सक्रिय रहें।÷

#### क्षेत्रवासियों में चिंता,जल्द स्वस्थ होने की कामना

विधायक के लंबे समय से विधानसभा क्षेत्र से दूर रहने के कारण क्षेत्रवासियों में चिंता देखी जा रही है, लोग लगातार उनके स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर रहे हैं और चाहते हैं कि वे जल्द स्वस्थ होकर क्षेत्र का दौरा करें तथा स्थानीय समस्याओं का समाधान करने की दिशा में पुनः सक्रिय हों।

#### बीमारी पर राजनीति नहीं, मानवता आगे-

जब किसी जनप्रतिनिधि का स्वास्थ्य बिगड़ता है, तो राजनीतिक सीमाएँ अपने आप मिट जाती हैं, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े के अस्पताल में भर्ती होने पर जिस प्रकार पक्ष-विपक्ष के नेता उनका हाल जानने पहुंचे, वह लोकतंत्र की संवेदनशीलता और मानवीयता की मिसाल है। यह वही क्षण है जब सत्ता और विपक्ष दोनों एक ही भाव से खड़े दिखते हैं जनसेवक पहले स्वस्थ हो, राजनीति बाद में समय यही संकेत देता है कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद इंसानियत की डोर हमेशा मजबूत रहनी चाहिए।

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:, 202512020700023**

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2025-26

बांकीपुरप.ह.न.00053
[465/72(0.020) ]
पक्षकारों का विवरण:-
आवेदक पक्षकार- ममता महंत,
अनावेदक पक्षकार- श्रीमती आरती विश्वकर्मा,

**ईश्तहार**

आवेदक ममता महंत पुत्री स्व0 मुगेश्वर दास महंत निवासी पुलिस लाईन अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छग) के द्वारा ग्राम बांकीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 465/72 रकबा 0.075 हे0 मेसे रकबा 0.020 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखो मे पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 16.05.2023 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26.12.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने ज अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/2025 को जारी किया जाता है।

सील

उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार,अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:, 202512020700013**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2025-26

वरढोढी प.ह.न. 00032 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण:-
आवेदक पक्षकार- प्रमिला,
अनावेदक पक्षकार- छ0ग0शासन,

**ईश्तहार**

आवेदिका प्रमिला बेवा कपिलदेव, निवासी ग्राम बरढोढी, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिका के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम बरढोढी स्थित भूमि खसरा नंबर 388/9 रकबा 0.127 हे0 भूमि का नक्शा गलत कट गया है, जिस कारण नक्शा में त्रुटि हो गया है। आवेदिका के द्वारा नक्शा त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी, अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19.12.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/12/2025 को जारी किया जाता है।

सील

उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार,अंबिकापुर

# कोरिया जिले में सुचारू धान खरीदी

# विभिन्न केंद्रों में किसानों ने बेचा 356 क्विंटल से अधिक धान

-संवाददाता-
कोरिया,09 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)।
जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों में आज समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी रही। किसानों ने सुविधाजनक व्यवस्था, तकनीकी उपयोग, ऑनलाइन टोकन और पारदर्शी प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त करते हुए बड़े स्तर पर धान विक्रय किया, जिले के छिंदडाड उपार्जन केंद्र में आज कई किसानों ने मिलकर 350 क्विंटल से अधिक धान बेचा।

## सरकार की पारदर्शी व्यवस्था से संतुष्ट किसान, टोकन सिस्टम,तकनीकी सुविधा और बढ़े समर्थन मूल्य ने बढ़ाया विश्वास

### कोरिया जिले में धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, तेज और किसानों के हित में सफलतापूर्वक जारी

#### आज विभिन्न किसानों द्वारा बेचे गए धान के आंकड़े

| किसान का नाम | मात्रा (क्विंटल) | रकबा (हेक्टेयर) |
|---|---|---|
| हरवंश राजवाड़े | 55.20 | 1.074 |
| उमेश कुमार साहू | 112 | 1.037 |
| किशुनलाल राजवाड़े | 63.60 | 2.37 |
| देवप्रसाद साहू | 76 | 1.466 |
| महेश कुमार | 49.20 | 0.957 |



**कुल विक्रयः 356+ क्विंटल धान**

किसानों ने शासन की व्यवस्था और तकनीकी पारदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि खरीदी प्रणाली पहले की तुलना में अब अधिक सरल और किसान हितैषी है।

### 50 वर्षीय किसान हरवंश राजवाड़े ने किया 55.20 क्विंटल धान का विक्रय



ग्राम आमगांव निवासी 50 वर्षीय किसान हरवंश राजवाड़े (पिता धरमसाय राजवाड़े) अपने 1.074 हेक्टेयर पंजीकृत रकबा के आधार पर आज उपार्जन केंद्र पहुंचे और 55.20 क्विंटल धान का सुगम विक्रय किया, हरवंश ने प्रशासन से कहते कि इस वर्ष फसल बहुत अच्छी हुई, सरकार का क्रय दर संतोषजनक है,प्राप्त राशि से वे कृषि विस्तार,कर्ज़ भुगतान और घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करेंगे।

### किसान उमेश कुमार साहू ने बेचा 112 क्विंटल धान,कहा...व्यवस्था पारदर्शी और सरल



ग्राम ओड़गी निवासी किसान उमेश कुमार साहू ने अपने चाचा रामसेवक साहू के नाम पंजीकृत 1.0370 हेक्टेयर भूमि में उत्पादित 112 क्विंटल धान का विक्रय किया, उन्हें समर्थन मूल्य ?2369 प्रति क्विंटल के अनुसार 2,65,328 की राशि प्राप्त होगी, उमेश ने खरीदी केंद्र की व्यवस्था को पूर्णतः सुगम और व्यवस्थित बताया और कहा कि राशि का उपयोग खाद-बीज खरीदी, कृषि कार्य और दैनिक जरूरतों में होगा।

### पिता-पुत्र पहुंचे धान खरीदी केंद्र, 63.60 क्विंटल धान का विक्रय



ग्राम सरडी निवासी 61 वर्षीय किसान किशुनलाल राजवाड़े और उनके पुत्र गणेश राजवाड़े छिंदडाड समिति पहुंचे और 63.60 क्विंटल धान बेचा, वे 2.37 हेक्टेयर भूमि में खेती करते हैं, उन्हें कुल 1,50,668 की राशि मिलेगी,उन्होंने कहा कि यह राशि गेहूं की आगामी फसल, खाद-बीज व घरेलू आवश्यकताओं के लिए उपयोग होगी।

### 45 वर्षीय अन्नदाता देवप्रसाद साहू ने बेचा 76 क्विंटल धान,कहा...'सरकार ने किसानों का सम्मान बढ़ाया



ग्राम छिंदडाड निवासी 45 वर्षीय किसान देव प्रसाद साहू (पिता हीराराम साहू) ने अपने 1.4660 हेक्टेयर पंजीकृत रकबा के आधार पर 76 क्विंटल धान का विक्रय किया, सरकार की नीतियों पर विश्वास जताते हुए उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार किसानों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। पूरे देश में सबसे अधिक दाम पर धान खरीदी हो रही है–यह गर्व की बात है।

### 35 वर्षीय किसान महेश कुमार ने ऑनलाइन मोबाइल ऐप से प्राप्त टोकन पर बेचा 49.20 क्विंटल धान



ग्राम खरवत निवासी 35 वर्षीय किसान महेश कुमार ने अपने चाचा शिवकुमार (55 वर्ष) के नाम पंजीकृत 0.9570 हेक्टेयर भूमि से उत्पादित 49.20 क्विंटल धान बेचा, उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ऐप से टोकन मिलना बेहद आसान,खरीदी केंद्र में किसी प्रकार की परेशानी नहीं, किसान शासन की व्यवस्था से पूरी तरह संतुष्ट।

## पॉलीटेक्निक कालेज में टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण का किया गया आयोजन



-संवाददाता-
बलरामपुर,09 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)।
टीबी मुक्त भारत अभियान एवं जन-जागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासकीय पॉलिटेक्निक रामानुजगंज में एक व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों का ब्लड ग्रुप परीक्षण, रक्तचाप (बीपी) जांच, टीबी से संबंधित प्रारंभिक स्क्रीनिंग, तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य टीम ने टीबी की रोकथाम, इसके लक्षणों, उपचार प्रक्रिया तथा समय पर जांच कराने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को रोगों से बचाव के उपाय, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा बेहतर दिनचर्या अपनाने का सुझाव भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि टीबी जैसे रोगों से निपटने के लिए समाज का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। समय पर जांच, नियमित दवा सेवन और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता ही इस रोग को जड़ से मिटाने की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। संस्था के प्राचार्य डॉ.एस.पी.मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। प्राचार्य ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी संस्था द्वारा ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्थान के सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कोरंधा बैरियर में 55 बोरी अवैध धान सहित पिकअप वाहन जप्त

### झारखंड से कुसमी लाया जा रहा था अवैध धान

-संवाददाता-
बलरामपुर, 09 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)।
जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में झारखंड से कुसमी की ओर अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे धान पर कार्रवाई करते हुए कोरंधा बैरियर में जप्त किया गया। जांच के दौरान तहसीलदार सुश्री रॉकी एक्का एवं संयुक्त टीम के द्वारा पिकअप वाहन में भरी लगभग 55 बोरी धान के संबंध में संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर द्वारा धान एवं वाहन दोनों को जप्त कर थाना कोरंधा के सुपुर्द किया गया। जिले में अवैध धान परिवहन पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा सख्त कार्रवाई की जा रही है।



## न्याय की नई पहचानः सूरजपुर में नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी को मिल रहा शानदार प्रतिसाद




-संवाददाता-
सूरजपुर,09 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)।
नए आपराधिक कानूनों पर कोतवाली परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी को देखने के लिए जनता, विशेषकर छात्र और युवाओं का भारी भीड़ उमड़ रही है। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर द्वारा 27 नवम्बर 2025 को इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया था, यह प्रदर्शनी 11 दिसम्बर तक संचालित रहेगी।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि नए कानूनों की प्रदर्शनी में प्रतिदिन काफी संख्या में छात्र व नागरिकगण, अधिवक्ता, अधिकारी-कर्मचारी प्रदर्शनी देखने आ रहे हैं, जिनमें स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय के छात्र, जनप्रतिनिधिगण, पंचायत सदस्य और महिला प्रतिनिधि शामिल हैं। यह प्रदर्शनी नए कानूनों की बारीकियों को समझने में मददगार है और अपने अधिकार क्या है उससे अपडेट रहने का अवसर प्रदान करता है कि किस प्रकार सुधारित आपराधिक कानून भारत में पुलिसिंग, जांच और न्यायिक प्रक्रियाओं को नया रूप दे रहे हैं। प्रदर्शनी में आपराधिक न्याय प्रणाली के संचालन का एक इंटरैक्टिव दृश्य प्रस्तुत करता है।

### प्रदर्शनी में नए कानूनों की जानकारी का उठाए लाभ-डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने एक बार फिर नागरिकों, विशेषकर विभिन्न स्कूलों, संस्थानों और विश्वविद्यालयों के छात्रों से अपील किया कि इस प्रदर्शनी को देखें और नए कानूनों को जाने, देश की कानून प्रवर्तन और न्यायिक प्रणालियों को आकार देने वाले परिवर्तनकारी विकास के बारे में अपना ज्ञानवर्धन करें। आप भी आए न्याय की ओर मजबूत कदम, न्याय की नई पहचान, नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी में कानून को करीब से समझने का यह सुनहरा मौका है।

चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल ने स्कूली बच्चों को नागरिकों को बताया कि इन कानूनों की सफलता न केवल पुलिस द्वारा उनके कार्यान्वयन पर निर्भर करती है, बल्कि नागरिकों की जागरूकता और सहयोग पर भी निर्भर करती है।' उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी लोगों को नए कानूनों की प्रति जागरूकता, उनके अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करके इस अंतर को पाटने में मदद कर रही है।

चौकी प्रभारी सलका उमेश्वरपुर संजय सिंह यादव ने छात्रों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों को महिलाओं और बच्चों के लिए अलग कानून,डिजिटल अपराध और फॉरेंसिक जांच से जुड़े नए नियम बताते हुए कहा कि अब पुलिस, न्याय पालिका, जेल और अभियोजन को ऑनलाइन जोड़ा गया है। सभी मामलों की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की गई है। सात साल से अधिक पुराने मामलों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से युवा, नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी सभी नए कानूनों के महत्व और सकारात्मक बदलावों को समझ पा रहे हैं।

प्रदर्शनी में चौकी प्रभारी खड़गवां रघुवंश सिंह ने आगंतुकों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उन्हें जानकारी दे रहे हैं कि नए कानूनों के प्रावधानों, सुधारों का मुख्य उद्देश्य त्वरित न्याय प्रदान करना और कानूनी ढांचे में जनता का विश्वास मजबूत करना है।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में बैकुंठपुर महाविद्यालय में चला हस्ताक्षर अभियान

**राष्ट्रीय विषय पर जागरूकता बढ़ाने हेतु महाविद्यालय में छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

**भाजपा पदाधिकारियों ने युवाओं को बताया एक साथ चुनाव के लाभ, संसाधन बचत व बेहतर शासन की संभावनाएँ...**

**सैकड़ों छात्रों ने किया हस्ताक्षर...युवा पीढ़ी में दिखा लोकतांत्रिक मुद्दों को समझने का उत्साह**

-संवाददाता-
कोरिया,09 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)।
शासकीय रामानुज सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान आयोजित हुआ,राजनीतिक और लोकतांत्रिक विषयों को समझने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पहल का समर्थन जताया, कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री शारदा गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीर्थ राजवाड़े, मंडल महामंत्री एवं जिला प्रभारी मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े,भाजयुमो जिला मंत्री रमेश तिवारी,भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष दिलीप राजवाड़े, पूर्व जनपद सदस्य एवं पूर्व मंडल महामंत्री दिनेश चेरवा, रामु राजवाड़े एवं देवप्रकाश रजक उपस्थित रहे।




अतिथियों ने छात्रों को 'एक राष्ट, एक चुनाव' की अवधारणा, इसके संभावित लाभ तथा इससे जुड़ी राष्ट्रीय-राजनीतिक व्यवस्थाओं पर विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से संसाधनों की बचत,प्रशासनिक व्यवस्था पर बोझ कम होने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ने की संभावना है, कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों छात्रों ने हस्ताक्षर कर राष्ट्रीय पहल के प्रति समर्थन व्यक्त किया। महाविद्यालय प्रशासन व छात्र प्रतिनिधियों ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### युवाओं की भागीदारी लोकतंत्र के भविष्य की दिशा

एक राष्ट्र,एक चुनाव पर बहस भले ही राजनीतिक गलियारों में चल रही हो, पर इसका वास्तविक अर्थ तब स्पष्ट होता है जब युवा इसके पक्ष-विपक्ष को समझकर अपनी राय बनाते हैं, बैकुंठपुर महाविद्यालय में चला हस्ताक्षर अभियान यह संकेत है कि देश की नई पीढ़ी केवल दर्शक भर नहीं लोकतांत्रिक विमर्श की सक्रिय सहभागी बनना चाहती है, जब छात्र राजनीतिक अवधारणाओं को समझते हैं, सवाल पूछते हैं और अपनी राय दर्ज करते हैं तो लोकतंत्र और परिपक्व होता है।

आवश्यकता है
दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने हेतु निम्न पदों के लिए योग्य कर्मठ, जुझारू, महिला/पुरूष की आवश्यकता है।



| स.क्र. | पद | संख्या | वेतन |
|---|---|---|---|
| 01 | सह संपादक | 1 पद | 15,000 |
| 02 | समाचार संपादक | 1 पद | 15,000 |
| 03 | प्रबंध संपादक | 1 पद | 15,000 |
| 04 | विज्ञापन प्रभारी | 2 पद | 10,000 से 15,000 |
| 05 | ब्यूरो चीफ | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 06 | संवाददाता | 2 पद | 8000 से 12,000 |
| 07 | कार्यालय सहायक | 1 पद | 7000 |

नोटः- आवेदक फोन पर संपर्क ना करें। स्वयं बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें।
पता-कार्यालय दैनिक समाचार पत्र घटती-घटना शनि मंदिर के पास, नमनाकला, अम्बिकापुर छत्तीसगढ़, मो.नं. - 9340154656, 98265-32611



# मोहम्मद रफी का ये रोमांटिक सॉन्ग 48 साल बाद भी बना हुआ है नंबर-1

मोहम्मद रफी हिंदी सिनेमा के सबसे लोकप्रिय गायक रहे थे। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में उन्हें काफी महारथ हासिल थी। इस आधार पर आज हम आपको रफी साहब बेस्ट रोमांटिक गाने के बारे में बताने जा रहे हैं...

- 48 साल बाद भी मोहम्मद रफी के इस गाने का जलवा कायम
- रोमांटिक सॉन्ग में सबसे अव्वल है रफी साहब का ये गाना
- अभिनेता ऋषि कपूर की फिल्म से रखता है ताल्लुक

बॉलीवुड के सुरों के सरताज मोहम्मद रफी को भला कौन भूल सकता है। रफी साहब ने अपने सुनहरे सिंगिंग करियर में कई यादगार गाने गाए थे। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में उनका कोई मुकाबला नहीं था। ऐसा ही एक पॉपुलर रोमांटिक गीत उन्होने 48 साल पहले अभिनेता ऋषि कपूर की फिल्म के लिए गाया था, जो आज भी अमर है। अगर आप




गर्लफ्रेंड को पटाने चाहते हैं तो मोहम्मद रफी का ये गाना आपके लिए कारगर साबित होगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस लेख में मोहम्मद रफी के कौन से गीत के बारे में जिक्र किया जा रहा है।

### मोहम्मद रफी का बेस्ट रोमांटिक सॉन्ग

पुराने गानों के बारे में बात की जाए तो उसमें मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर और किशोर कुमार के कई मशहूर गीत सुनने को मिल जाएंगे। लेकिन इन सब में प्यार भरे गीत गाने में असली महारथ रफी साहब ने ही हासिल कर रखी। इसी आधार पर आज हम आपको उनके बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 1977 में आई एक्टर ऋषि कपूर और तारिक खान की फिल्म हम किसी से कम नहीं से नाता रखता है।

इस मूवी में मोहम्मद रफी ने कई शानदार गीत गाए थे,जिनमें चांद मेरा दिल... आज भी पॉपुलर है। रोमांटिक सॉन्ग के तौर पर रिलीज के 48 साल बाद रफी साहब का ये गाना आसानी से लोगों की जुबान पर आ जाता है। अगर आप अपनी प्रेमिका से इजहार-ए-इश्क नहीं कर पा रहे हैं तो बेझिझक मोहम्मद रफी का चांद मेरा दिल गा दीजिए आपका काम बन जाएगा। गौर किया जाए हम किसी से कम नहीं के चांद मेरा दिल गीत की मेकिंग की तरफ तो मोहम्मद रफी ने इसे अपनी जादुई आवाज में गाया था, जबकि संगीतकार आर डी बर्मन साहब ने इसका संगीत तैयार किया था। इसके अलावा महरूह सुल्तानपुरी की कलम से इसके बोल निकले थे।

### रफी साहब के उम्दा गानों में से एक

40 साल के सिंगिंग करियर में मोहम्मद रफी ने करीब 25 हजार से अधिक गानों को अपनी आवाज दी थी। उनमें से एक चांद मेरा दिल है, जो फैंस के दिलों को आज भी सुकुन पहुंचाता हैं।

# सुशांत केस से करियर हुआ चौपट...एक्टिंग छोड़ ये काम कर रहीं रिया चक्रवर्ती,खड़ी की 40 करोड़ की कंपनी!

**साल 2020 में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद एक नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा और वो नाम था रिया चक्रवर्ती का। वही रिया जो इस पूरे केस में फंसी रहीं और उनका करियर भी इस केस के चलते बर्बाद हुआ,लेकिन अब रिया ने अपनी कंपनी खड़ी कर दी है और करोड़ों का बिजनेस शुरू कर दिया है...**

बॉलीवुड और विवादों का नाता चोली-दामन वाला रहा है। यहां विवाद हैं तो कभी सफलता है। अक्सर ऐसा होता भी है कि कभी-कभी विवादों के चलते स्टार्स को फायदा भी होता है तो वहीं कई बार विवाद करियर पर इतने भारी पड़ते हैं कि चाहकर भी कुछ किया नहीं जा सकता है।

साल 2020 में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद एक नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा और वो नाम था रिया चक्रवर्ती का। वही रिया जो इस पूरे केस में फंसी रहीं और उनका करियर भी इस केस के चलते बर्बाद हुआ। अब रिया ने एक्टिंग छोड़



कुछ और करना शुरू किया है, जिसके बाद उन्हें सफलता भी मिल रही है।

### रिया ने शुरू किया बिजनेस

रिया चक्रवर्ती ने अब एक्टिंग में किस्मत आजमाना बंद कर दिया है। रिया सुशांत केस से भले ही बरी हो गईं हैं लेकिन अब उन्होंने अपने करियर के लिए दूसरी राह चुनी है। दरअसल रिया चक्रवर्ती अब बिजनेसवुमन बनकर आगे बढ़ रही हैं। महज सालभर के भीतर ही 40 करोड़ रुपये की कंपनी खड़ी कर दी है।


सीएनबीसी 18 को दिए इंटरव्यू में रिया ने बताया कि, सुशांत केस के बाद उन्हें समझ आया कि बॉलीवुड में उनकी राह आसान नहीं होगी। इसलिए उन्होंने एक्टिंग को छोड़ कपड़ों का बिजनेस करने की ठानी।

### एक साल में बनाई 40 करोड़ की कंपनी

इस इंटरव्यू में रिया ने बताया कि उन्होंने खुद का एक क्लोथिंग ब्रांड लॉन्च किया। साल 2024 में रिया ने अपने इस नए ब्रांड की शुरूआत की। पहले रिया ने इसकी शुरूआत ऑनलाइन की। इसके बाद साल 2025 में जून के महीने में उन्होंने अपना एक ऑफलाइन स्टोर भी लॉन्च किया। इसके बाद इसी साल उन्होंने अपना पहला ऑफलाइन स्टोर भी लॉन्च कर दिया। रिया के भाई शौविक चक्रवर्ती भी इसमें उनके पार्टनर हैं। महज सालभर के भीतर ही रिया के ब्रांड का वैल्यूएशन बढ़कर 40 करोड़ हो गया। इस हिसाब से सालभर के अंदर रिया ने 40 करोड़ की कंपनी बना डाली।

वहीं रिया कंपनी का नाम जिंदगी को दूसरा मौका देने की थीम पर बेस्ड है। इसका मतलब है कि जो व्यक्ति अंधेरे में हताश होकर खड़ा है और फिर उसे दोबारा खड़े होने का मौका मिला है। इस तरह से रिया अब फिल्मों से दूर हैं और अपने बिजनेस पर फोकस कर रही हैं।

# सलमान खान की किक 2 में विलेन बनेगा ये साउथ एक्टर



सुपरस्टार सलमान खान की अपकमिंग फिल्म किक 2 की अनाउंसमेंट हो चुकी है। अब खबर आ रही है कि इस मूवी में साउथ सिनेमा के सुपरस्टार की एंट्री हो गई है, जो विलेन का किरदार निभाता हुआ नजर आएगा। किक सलमान खान के एक्टिंग करियर की सबसे शानदार मूवीज में से एक है। हाल ही में बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले में सलमान ने खुद किक के सीक्वल यानी किक 2 की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है, जिसके बाद से किक 2 को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। अब खबर आ रही है कि निर्माता साजिद नाडियाडवाला की किक 2 में साउथ सिनेमा का एक मशहूर कलाकार खलनायक बनता हुआ नजर आएगा। आइए जानते हैं कि वह कौन सा एक्टर है, जो पर्दे पर डेविल को कड़ी टक्कर देगा।

### किक 2 में नजर आएगा ये एक्टर

सलमान खान द्वारा किक 2 की आधिकारिक पुष्टि की जाने के बाद हर तरफ इस मूवी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। बिग बॉस 19 के मंच पर सलमान ने ये बताया कि वह इस समय किक 2 की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं। अब मूवी की कास्ट को लेकर खबरों का बाजार गर्म हो गया है और इसमें पहला नाम किक 2 में विलेन बनने वाले अभिनेता का सामने आ रहा है। दरअसल हाल ही में किक 2 के निर्माता साजिद नाडियाडवाला संग मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार और मार्को मूवी फेम कलाकार उन्नी मुकुंदन की एक लेटेस्ट तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसे साउथ एक्टर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। इस पोस्ट में उन्नी ने लिखा था- द किक स्टार्ट विद द मैन।

इसके बाद ये चर्चा तेज हो गई कि उन्नी मुकुंदन ही वह अभिनेता हैं, किक 2 में नेगेटिव रोल प्ले करते हुए नजर आएंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। लेकिन अगर वास्तव में ऐसा होता है तो यकीनन तौर पर सलमान खान और उन्नी मुकुंदन की टक्कर देखने लायक रहेगी।

### मार्को से जीता सबका दिल

उन्नी मुकुंदन को सबसे अधिक लोकप्रियता फिल्म मार्को से मिली। इस मूवी में उनका खूंखार अवतार देखने को मिला था, जो ऑडियंस को काफी पसंद आया। अब उम्मीद की जा रही है कि किक 2 में भी उन्नी उसी तरह के जलवा बरकरार रखेंगे। बता दें मार्को बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी।



# 90 की उम्र में प्रेम चोपड़ा ने इस गंभीर बीमारी को दी मात,दामाद ने शेयर किया बड़ा अपडेट

मशहूर एक्टर प्रेम चोपड़ा के मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल में भर्ती होने के कुछ हफ्ते बाद, उनके दामाद एक्टर शरमन जोशी ने उनकी हेल्थ के बारे में जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि प्रेम चोपड़ा की तबीयत ठीक नहीं हैं

### प्रेम चोपड़ा का थी ये गंभीर बीमारी

शरमन जोशी ने बताया कि प्रेम चोपड़ा को गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस का पता चला था और उनका तवी प्रोसीजर सफल रहा, जो बिना ओपन-हार्ट सर्जरी के सिकुड़े हुए एओर्टिक वाल्व को ठीक करने का एक तरीका है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रेम चोपड़ा जल्दी ठीक हो गए और अब घर वापस आ गए हैं।

### दामाद शरमन जोशी ने शेयर की हेल्थ अपडेट

शरमन ने डॉ. नितिन गोखले और डॉ. रविंदर सिंह राव से मिले बेहतरीन इलाज के लिए अपने परिवार का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राव ने ञ्जड्ड्ढ प्रोसीजर को सफलतापूर्वक किया और डॉ. गोखले की गाइडेंस से उन्हें कॉन्फिडेंस मिला। उनकी एक्सपर्टीज ने पक्का किया कि इलाज आसानी से हो और प्रेम चोपड़ा जल्दी ठीक हो गए।

## खेल-समाचार

# आईपीएल 2026 ऑक्शन के लिए 350 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट

- ग्रीन,पृथ्वी शॉ, सरफराज खान पहले सेट में शामिल;
- 16 दिसंबर को अबूधाबी में ऑक्शन




**अबूधाबी,09 दिसम्बर 2025।** इंडियन प्रीमियर लीग के मिनी ऑक्शन से पहले बीसीसीआई ने 350 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। 10 टीमों में 77 प्लेयर्स की जगह खाली है। इनमें 31 विदेशी स्लॉट भी शामिल हैं।

इसके लिए 1,355 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। ऑक्शन 16 दिसंबर मंगलवार को समयानुसार दोपहर 1 बजे (भारतीय समय 2:30 बजे) से शुरू होगा।

**डिकॉक को भी किया गया शामिल, पहली सूची में नाम नहीं था...**

क्विंटन डिकॉक का भी नाम शॉर्टलिस्ट की गई सूची में शामिल किया गया है। पहले शुरुआती सूची में उनका नाम नहीं था। लेकिन एक फ्रेंचाइजी की सिफारिश के बाद उनका नाम शामिल किया गया। हाल ही में उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास वापस लेकर भारत के खिलाफ विशाखापट्टनम में शतक जड़ा था। 33 साल के डिकॉक का बेस प्राइस इस बार 1 करोड़ रुपए रखा गया है। पिछले मेगा ऑक्शन में उन्हें 2 करोड़ में केकेआर ने खरीदा था, लेकिन इस बार उन्हें रिलीज कर दिया।

वहीं, 350 खिलाड़ियों में 40 खिलाड़ी का बेस प्राइज 2 करो है। जिसमें वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई सिर्फ दो भारतीय हैं।

**ऑक्शन की शुरुआत कैप्ड खिलाड़ियों से होगी**

ऑक्शन की शुरुआत कैप्ड खिलाड़ियों से होगी। जिन्हें पांच कैटेगरी में बांटा गया है। इसमें बल्लेबाज, ऑलराउंडर, विकेटकीपर-बैटर,तेज गेंदबाज और स्पिनर शामिल हैं। इनके बाद इन्हीं कैटेगरी के अनकैप्ड खिलाड़ियों की बारी आएगी।

**पहली स्लॉट के बड़े नाम**

पहला बैच बल्लेबाजों का होगा, जिसकी अगुवाई कैमरन ग्रीन करेंगे। इसके अलावा डेवोन कॉन्वे,जैक फ्रेजर-मैकगर्क,सरफराज खान,पृथ्वी शॉ और डेविड मिलर शामिल हैं। दूसरा बैच ऑलराउंडर्स का होगा, जिसमें वेंकटेश अय्यर को रखा गया है।

**एक्सीलरेटेड राउंड**

70वें खिलाड़ी (अफगानिस्तान के वहीदुल्लाह ज़दरान) के बाद एक्सीलरेटेड फेज शुरू होगा। इसके बाद 71 से 350 तक सभी खिलाड़ी जल्दी-जल्दी आएंगे। फिर फ्रैंचाइज़ी उन खिलाड़ियों के नाम देंगी जिन्हें वे फिर से नीलामी में लाना चाहते हैं।

**नई शामिल खिलाड़ियों की सूची**

**ओवरसीज खिलाड़ी**

अरब गुल (अफगानिस्तान),माइल्स हैमंड (इंग्लैंड),डैन लेटगन (इंग्लैंड), क्विंटन डिकॉक (साउथ अफ्रीका), कॉनर एजथरह्यूज़न (साउथ अफ्रीका),जॉर्ज लिंडे (साउथ अफ्रीका),बयांडा मजोला (साउथ अफ्रीका),ट्रेवीन मैथ्यू (श्रीलंका), बिनुरा फर्नांडो (श्रीलंका),कुशल परेरा (श्रीलंका),दुनिथ वेलालागे (श्रीलंका),अकीम ऑगस्टे (वेस्टइंडीज)

**भारतीय खिलाड़ी**

सादेक हुसैन, विष्णु सोलंकी,साबिर खान,बृजेश शर्मा,कनिष्क चौहान,आरोन जॉर्ज, जिक्कू ब्राइट, श्रीहरि नायर, माधव बजाज,श्रीवत्स अचार्य,यशराज पुंजा, साहिल पराख,रोशन वाघसरे,यश दिचोलकर,अयाज़ खान,धुर्मिल मटकर, नमन पुष्पक,परिक्षित वलसंगकर,पुरव अग्रवाल,ऋ षभ चौहान,सागर सोलंकी, इजज सावरिया,अमन शेखावत।

# पीआर श्रीजेश ने ब्रॉन्ज़ जीत की अहमियत बताई



**चेन्नई,09 दिसम्बर 2025।** मज़बूती और अटैकिंग स्किल वाले मुश्किल कैंपेन के बाद, इंडियन जूनियर मेन्स हॉकी टीम का मकसद टूर्नामेंट को मेडल के साथ खत्म करना है। वे बुधवार, 10 दिसंबर को चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में स्नढ्ढ॥ हॉकी मेन्स जूनियर वर्ल्ड कप तमिलनाडु 2025 के तीसरे/चौथे स्थान के मैच में अर्जेंटीना का सामना करेंगे। इंडिया सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन जर्मनी से 1-5 से मिली कड़ी हार के बाद अपने फाइनल मैच में उतरेगा। हार के बावजूद, मेज़बान टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी मज़बूत काबिलियत दिखाई है, ग्रुप स्टेज में शानदार परफॉर्मेंस और अपनी टीम में काफ़ी गहराई के साथ। उन्होंने कुल 32 गोल किए हैं, जिनमें से 29 पूल स्टेज के दौरान किए गए। क्वार्टर फाइनल में, इंडिया ने गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह के शानदार गोल की बदौलत 2-2 से रोमांचक ड्रॉ के बाद शूटआउट में बेल्जियम को हराया। टीम के अब तक के सफ़र और इस बड़े मुकाबले से पहले किन खास बातों पर ध्यान देना है, इस पर बात करते हुए, इंडियन जूनियर मेन्स हॉकी टीम के हेड कोच पीआर श्रीजेश ने कहा, ÷हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेला है, सिवाय सेमीफ़ाइनल के, जहाँ पहले क्वार्टर में आसान गोल खाने से हम पर बहुत ज़्यादा प्रेशर आ गया था। हमारे लिए सबसे ज़रूरी बात है कि हम खुद को देखें और अपनी ताकत को समझें, गलतियाँ कम करें, और यह पक्का करें कि हम अपने मौकों को गोल में बदलें।

# धहरान में सऊदी फाइटर्स का जलवा




**रियाध,09 दिसम्बर 2025।** सऊदी अरब के फाइटर्स मलिक बसाहेल और अहमद अलब्राहिम ने अलखोबार के धहरान एक्सपो में अपने शोकेस बाउट जीतने पर खुशी जताई है। इस रात इस साल का सीज़न खत्म होने के साथ चार नए पीएफएल एमईएनए चैंपियन भी बने। बसाहेल (3-0) ने राउंड एक के 3 मिनट, 13 सेकंड में महमूद आतेफ (5-4, 1 एनसी) पर टीकेओ से फ्लाईवेट शोकेस जीत के बाद कहा, हर चीज़ के लिए भगवान का शुक्र है। बेशक, मुझे इस परफॉर्मेंस पर गर्व है। रिकॉर्ड के हिसाब से, मेरे विरोधी का रिकॉर्ड मुझसे बेहतर था। लेकिन भगवान की कृपा से, मुझे जीत मिली। मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, और जो आने वाला है वह और भी बेहतर होगा, भगवान ने चाहा तो।

# दुबई बास्केटबॉल की लगातार आठवीं जीत

**दुबई,09 दिसम्बर 2025।** दुबई बास्केटबॉल ने दो मोर्चों पर एक मुश्किल हफ़्ते का अंत एबीए लीग में शानदार जीत और बोलोग्ना में यूरोलीग में एक करीबी, कड़े मुकाबले के साथ किया, जिससे यूरोप के टॉप कॉम्पिटिशन में टीम की बढ़ती पहचान साबित हुई। कल रात, दुबई बास्केटबॉल ने एबीए लीग ग्रूप ए कैंपेन में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी, और लक्तासी में इगोकेया के खिलाफ 74-88 की प्रभावशाली जीत के साथ 8-0 का रिकॉर्ड बनाया। टीम ने खेल की शुरुआत से ही कंट्रोल बनाए रखा और पहले क्वार्टर के आखिर तक डबल-डिजिट की बढ़त बना ली। इसके बाद, मेहमान टीम ने कोर्ट के दोनों तरफ आत्मविश्वास और सटीकता के साथ मैच को संभाला।



म्फियोंडू काबेंगेले ने शानदार प्रदर्शन किया, 20 पॉइंट्स, 10 रिबाउंड और 29 वैल्यूएशन हासिल किए। मैककिनले राइट ने शानदार तरीके से अटैक को गाइड किया, पहले हाफ में 10 पॉइंट्स का योगदान दिया और पूरी रात दुबई की लय बनाए रखी। इस जीत से दुबई का एबीए लीग में परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रहा और वे ग्रूप में अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए, दुबई बास्केटबॉल के हेड कोच जुरिका गोलेमैक ने कहा-तीन दिन पहले एक मुश्किल हार के बाद यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण जीत थी। टीम ने शुरू से ही प्रोफेशनल रवैया दिखाया और 40 मिनट तक खेल को कंट्रोल किया।

# इंडिगो पर 9000 करोड़ जुर्माने की मांग

## छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने भेजा नोटिस, रायपुर से मुंबई-दिल्ली,हैदराबाद से आने वाली 4 फ्लाइट रद्द

**रायपुर,09 दिसम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने इंडिगो को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में मांग की गई है कि पीड़ित यात्रियों को इंडिगो टिकट कीमत का 10 गुना मुआवजा दे। इस पूरे मामले को लेकर प्रधानमंत्री को भी शिकायत भेजी गई है, जिसमें इंडिगो पर 9000 करोड़ (करीब एक बिलियन डॉलर) का जुर्माना लगाने की मांग की गई है। वहीं मंगलवार सुबह 9 बजे रायपुर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट कैंसिल हो गई है। इसके अलावा मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद से आने वाली एक-एक फ्लाइट यानी कुल चार फ्लाइट कैंसिल है। दिनभर में और भी फ्लाइटें कैंसिल, डायवर्ट और डिले हो सकती हैं। फ्लाइट संकट से ट्रेनों और बसों में भीड़ बढ़ गई है। इससे पहले सोमवार को ही रायपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली इंडिगो की 8 फ्लाइट रद्द हुई थी। रायपुर से मुंबई की 2, हैदराबाद की 2 और बेंगलुरु की 1, भोपाल की 1, कोलकाता की 1 और दिल्ली की 1 फ्लाइट कैंसिल हुई थी। पिछले चार दिनों में इंडिगो ने रायपुर से




उड़ान भरने वाली अपनी 64 फ्लाइट्स रद्द कर दी है। देश भर में पिछले पांच दिनों में 3 हजार से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। यात्रियों को न इंडिगो एयर लाइंस से और न ही एयरपोर्ट ऑथोरिटी की ओर कोई जवाब दिया जा रहा है। एयरपोर्ट डायरेक्टर के.के. लहरे कॉल का जवाब नहीं दे रहे।

**पीएम, गृह मंत्री और उड्डयन मंत्री को भेजी शिकायत :** सोसायटी ने बताया कि प्रभावित यात्रियों की ओर से केंद्र सरकार को भी शिकायत भेज दी गई है। इसमें पूरे मामले पर DGCA की विशेष जांच, इंडिगो पर 9000 करोड़ (1 बिलियन डॉलर) का जुर्माना और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नए कानून बनाने की मांग की गई है। सोसायटी ने चेतावनी दी है कि यदि 5 दिनों में जवाब नहीं मिला तो सक्षम न्यायालयों और प्राधिकरणों में सिविल और आपराधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### सिविल सोसायटी ने 5 दिनों में मुआवजा देने को कहा

सिविल सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने इंडिगो के प्रबंध निदेशक/सीईओ को लीगल नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि पांच दिनों में तीन हजार से अधिक फ्लाइट्स रद्द हुई हैं। इतनी बड़ी संख्या में फ्लाइट कैंसिल करना न सिर्फ यात्रियों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि भारतीय कानूनों और DGCA दिशानिर्देशों की अनदेखी भी है। सोसायटी ने कहा है कि इंडिगो ने बिना पूर्व सूचना, बिना पारदर्शी कारण बताए फ्लाइटें रद्द कीं, जिससे हजारों यात्रियों की यात्रा प्लानिंग फेल हुई। उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। मानसिक तनाव और समय का नुकसान भी हुआ। इसकी एवज में 5 दिनों के भीतर सोसायटी ने हर यात्री को टिकट कीमत का कम से कम 10 गुना मुआवजा देने की मांग इंडिगो से की है। इसके अलावा होटल, वैकल्पिक यात्रा, चिकित्सा खर्च सहित सारे नुकसान की पूरी भरपाई करने को भी कहा है।

### अवैध खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई

# बिलासपुर में 4 हाइवा,4 ट्रैक्टर ट्रॉली और एक चैन माउंटेन जब्त किया गया

**बिलासपुर,09 दिसम्बर 2025।** बिलासपुर शहर के दयालबंद, तोरवा, देवरीखुर्द, सेंदरी, कछार और मंगला जैसे क्षेत्रों में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। अरपा नदी में पानी का बहाव कम होने के बाद अब बाहरी इलाकों में रात के समय यह गतिविधियां बढ़ गई हैं। खनिज विभाग की टीम ने सेंदरी से दोमुंहानी तक अरपा नदी के 17 किलोमीटर क्षेत्र का निरीक्षण करने पर पाया गया कि जहां पानी नहीं है, वहां रेत की जगह मिट्टी दिखाई देती है। अवैध उत्खनन के कारण नदी का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित हो रहा है। रेत की कमी से जल स्तर पर भी असर पड़ रहा है। टीम ने अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 दिसंबर को मटियारी क्षेत्र से मुरुम का अवैध परिवहन करते हुए एक हाइवा जब्त कर सीपत पुलिस थाने को सौंपा गया। विभाग के अनुसार, 1 दिसंबर को मटियारी क्षेत्र से खनिज मुरुम का अवैध परिवहन करते हुए एक हाइवा जब्त कर सीपत पुलिस थाने को सौंपा गया। 3 दिसंबर को लमेर क्षेत्र से रेत का अवैध परिवहन करते एक हाइवा जब्त कर कोनी थाने की कस्टडी में रखा गया। इसी दिन आमागोहान क्षेत्र में मुरुम का अवैध



उत्खनन और परिवहन करते हुए एक चैन माउंटेन और दो हाइवा वाहन जब्त किए गए। इन्हें मौके पर ही सील कर चालकों को सुपुर्दगी में दिया गया। 6 दिसंबर को लमेर क्षेत्र से रेत का अवैध परिवहन करते तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर कोनी थाने को सौंपे गए। 7 दिसंबर को निरतु क्षेत्र से रेत का अवैध परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर सकरी थाने की अभिरक्षा में रखा गया। अवैध उत्खनन को रोकने के लिए निरतु, लोखड़ी, पाठबाबा और धुरिपारा क्षेत्रों में बनाए गए अवैध रैंप को भी काटा गया।

## 22 साल की शादी का दर्दनाक अंत,पत्नी ने पेट्रोल डालकर पति को जिंदा जलाया

**कांकेर,09 दिसम्बर 2025।** रायपुर की डीडी नगर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां घरेलू विवाद के बीच पत्नी ने अपने पति को जिंदा जलाकर मार डाला। 8 दिसंबर की रात हुए इस कृत्य ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। गंभीर रूप से झुलसे पति अरुण पटवा (45) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार, अरुण देर रात भतीजी की शादी से घर लौटा था। इसी दौरान पति-पत्नी के बीच पुरानी बातों को लेकर विवाद बढ़ा और गुस्से में पत्नी ने पेट्रोल छिड़ककर अरुण को आग के हवाले कर दिया। आरोपी महिला दरवाजा बाहर से बंद कर मौके से फरार हो गई। आग की लपटों में घिरे अरुण की चीखें सुनकर पड़ोसी दौड़े और तुरंत पुलिस को सूचना दी। 70% जल चुके अरुण को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे बचाने में असमर्थता जताई। परिजनों के मुताबिक, अरुण और उसकी पत्नी की शादी 22 साल पहले हुई थी। दंपत्ति की कोई संतान नहीं है और पिछले कई वर्षों से दोनों के बीच मनमुटाव बना हुआ था। विवाद के मामले पहले भी थाने तक पहुंच चुके थे। परिवार का आरोप है कि पत्नी अक्सर आत्महत्या का दबाव बनाकर उन्हें परेशान करती थी।



## जेल में आदिवासी नेता की संदिग्ध मौत का मामला : कांकेर पहुंची कांग्रेस की जांच टीम

# भूपेश बघेल ने भाजपा नेताओं पर लगाए गंभीर आरोप, सीएम से की निष्पक्ष जांच की मांग

**कांकेर,09 दिसम्बर 2025।** आदिवासी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष और कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर की जेल में संदिग्ध मौत को लेकर बवाल बढ़ता जा रहा है। 6 दिसंबर को 5 घंटे चक्काजाम के बाद आज आदिवासी समाज और कांग्रेस पार्टी ने संयुक्त रूप से बस्तर बंद का ऐलान किया था, कई जिलों में बंद सफल रहा। दूसरी ओर कांग्रेस की जांच टीम भी आज जीवन ठाकुर के गांव मयाना पहुंची और परिजनों से बातचीत की। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी मयाना पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान बघेल ने प्रदेश सरकार और भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। भूपेश बघेल ने कहा कि यह तबियत बिगड़ने से मौत नहीं बल्कि हत्या है। जीवन ठाकुर को पहले षड्यंत्र के तहत झूठे मामले में फंसाया गया और फिर जेल



में ठीक तरह से खाने पीने तक नहीं दिया गया। साथ ही उनकी तबियत बिगड़ने के बाद इलाज में भी लापरवाही जानबूझ कर की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के इशारे पर जेल में जीवन ठाकुर को प्रताड़ित किया गया। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने भी जेल प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जेल में ले जाने के पहले मेडिकल जांच की जाती है। उस दौरान क्या जीवन ठाकुर की बीमारी के बारे में जेल प्रशासन को पता नहीं चला। अगर पता था तो उनके इलाज में लापरवाही आखिर क्यों की गई, इसका जवाब देना होगा।

### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

बता दें कि जीवन ठाकुर की 4 दिसंबर को जेल में तबियत बिगड़ने से मौत हुई थी। परिजनों के अनुसार जेल प्रशासन ने उन्हें बिना अवगत करवाए जीवन ठाकुर को कांकेर जेल से रायपुर शिफ्ट कर दिया था और उनकी मौत के कई घंटे बाद तक परिजनों को सूचना नहीं दी गई थी और न ही तबियत बिगड़ने के दौरान किसी तरह की सूचना दी गई थी। मामले को तूल पकड़ता देख शासन ने भी 6 दिसंबर को ही कांकेर जेल की जेलर को हटा दिया था, लेकिन आदिवासी समाज, कांग्रेस पार्टी और जीवन ठाकुर के परिजन दोषियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं। इसी क्रम में आज बस्तर बंद का ऐलान किया गया था। बस्तर के कई जिलों में बंद सफल रहा, जबकि कांकेर में इसका मिला-जुला असर रहा।

### क्या है मामला

बता दें कि जमीन विवाद के मामले में 12 अक्टूबर 2025 को कांग्रेस नेता और चारामा के पूर्व जनपद अध्यक्ष जीवन ठाकुर को गिरफ्तार कर कांकेर जेल में रखा गया था। उन्हें 2 दिसंबर को बिना सूचना के रायपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था। जेल प्रशासन के अनुसार, इसी बीच उनकी तबीयत खराब होने से तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 4 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। वहीं अब मामले में परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्हें कोई बीमारी नहीं थी। सही समय पर इलाज होता तो उनकी जान बच जाती।

# नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने सीएम साय को लिखा पत्र,छात्रों के लिए की ये मांग...

**रायपुर,09 दिसम्बर 2025।** नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने मेडिकल पीजी सीटों में राज्य कोटा कम किए जाने के खिलाफ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखते हुए गंभीर चिंता जताई है। महंत ने मांग की है कि कम से कम 50 प्रतिशत मेडिकल पीजी सीटें छत्तीसगढ़ के छात्रों के लिए सुरक्षित रखी जाएं, ताकि स्थानीय छात्रों का भविष्य सुरक्षित बनाया जा सके। महंत ने अपने पत्र में लिखा है कि राज्य कोटे की सीटें 50 प्रतिशत से घटकर अब केवल 25 प्रतिशत रह गई हैं, जिसके कारण छत्तीसगढ़ के मेडिकल छात्रों



को नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर मेडिकल कॉलेजों के जूनियर डॉक्टर और छात्र प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की और राज्य सरकार से सकारात्मक निर्णय की उम्मीद जताई है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्य सरकार ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर एमडी-एमएस (पीजी) प्रवेश नियमों में संशोधन किया है। इस संशोधन के बाद अब राज्य कोटे की सीटें घट गई हैं और बाहरी छात्रों के लिए जगह बढ़ने की संभावना है। पहले सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में आधी सीटें छत्तीसगढ़ में एमबीबीएस कर चुके छात्रों के लिए आरक्षित रहती थीं,लेकिन अब इस संरचना में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। नया नियम लागू होने के बाद अधिकारियों के सामने भी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं कि पिछले नियमों को किस तरह लागू किया जाए। वहीं निजी मेडिकल कॉलेजों में सीटों का वितरण भी प्रभावित होगा।

## सीएम साय ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**रायपुर,09 दिसम्बर 2025।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 10 दिसंबर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार मात्र अधिकारों की रक्षा का विषय नहीं है, बल्कि यह मानवता, समानता और व्यक्ति की गरिमा के प्रति हमारी सामूहिक संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का सर्वोच्च प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार प्रदान करता है। हम सबका दायित्व है कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी निष्ठापूर्वक पालन करें। अधिकारों की वास्तविक सुरक्षा तभी संभव है जब समाज का हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग,उत्तरदायी और प्रतिबद्ध हो।

## अपने बच्चे को लेकर स्कूल में पढ़ाने आती है शिक्षिका,पढ़ाई लिखाई छोड़ दिनभर बच्चे को संभालते हैं विद्यार्थी,परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

**सारंगढ़,09 दिसम्बर 2025।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला शासकीय प्राथमिक शाला टिटहीपाली, संकुल केंद्र कटंगपाली (ब) में पदस्थ सहायक शिक्षक (एल.बी.) बिजली मानिकपुरी पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। छात्रों के परिजनों के द्वारा उन्हें विद्यालय से हटाने की मांग जोर पकड़ रही है। इस मामले में ग्राम पंचायत के सरपंच साधाराम पटेल द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत भेजी गई है। शिकायत के अनुसार बिजली मानिकपुरी विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं होती हैं और समय पर स्कूल आने में लगातार लापरवाही बरतती हैं। आरोप है कि शिक्षिका अपने छोटे बच्चे को विद्यालय लेकर आती हैं और बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने के बजाय विद्यार्थियों से ही अपने बच्चे को संभालने को कहती हैं। यहां तक कि पहले वह स्कूली बच्चों से अपने बच्चे का पेम्पर्स साफ करवाने और निपटाने तक का काम करवाती थीं, जिसकी शिकायत पूर्व में भी लिखित रूप से की गई थी, पर कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिक्षिका को समय पर स्कूल आने और पढ़ाई लिखाई नियमित रूप से कराने की समझाइश दी गई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। फोन करने पर उसके




पति द्वारा अभद्रता करने और धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। संकुल समन्वयक और संकुल प्रभारी ने भी उपस्थिति सुधारने की बात कही, लेकिन शिक्षिका ने कहा कि वह 10:30 बजे से पहले किसी भी स्थिति में नहीं आ सकती। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि पिछले तीन वर्षों से शिक्षिका मनचाही छुट्टियाँ ले रही हैं और अक्सर अन्य स्कूल में अस्थायी व्यवस्था करवा कर अपनी जिम्मेदारी से बचती रही हैं, जिससे विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हुई है। इस सत्र में भी अब तक लगभग 30-35 दिन ही स्कूल आई हों, ऐसा आरोप लगाया गया है।

## कस्टम मिलिंग स्कैम : दीपेन चावड़ा के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में चालान किया पेश,2,000 करोड़ से अधिक अवैध धन प्रबंधन के आरोप

**रायपुर,09 दिसम्बर 2025।** कस्टम मिलिंग स्कैम मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपेन चावड़ा के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया है। चावड़ा पर 2,000 करोड़ रुपये से अधिक अवैध धनराशि के प्रबंधन में प्रमुख भूमिका निभाने के आरोप हैं। वह स्कैम के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर का सहयोगी माना जाता है। जानकारी के अनुसार, दीपेन चावड़ा को ईओडब्ल्यू ने नवंबर 2025 में गिरफ्तार किया




था। जांच के दौरान चावड़ा की भूमिका कई बड़े आर्थिक अपराधों में सामने आई, जिसके आधार पर उसके खिलाफ ठोस साक्ष्य जुटाए गए। इन सबूतों के आधार पर आज, 9 दिसंबर 2025 को रायपुर स्थित न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) में उसके विरुद्ध चालान पेश किया गया। जिसमें बताया गया है कि दीपेन चावड़ा ईओडब्ल्यू में दर्ज अन्य प्रकरणों में लगभग 2,000 करोड़ रुपये से अधिक अवैध धन के प्रबंधन में शामिल था। कस्टम मिलिंग स्कैम में भी उसके द्वारा लगभग 20 करोड़ रुपये लोकसेवकों की ओर से एकत्र किए जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050,डॉक रजिस्टर्ड क्र.:-13/सरगुजा/डीएन/2023-2025-मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)